खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 22°C

मुरादाबाद, गुरुवार 23 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 247 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 4 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता : योगी पेज 2



आतिशी शतक लगाकर अभिषेक शर्मा ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा खेल टाइम्स



नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन सम्पादकीय



ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत, पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा पेज 12

## दिल्ली में IRS अफसर की बेटी की रेप के बाद हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे उस समय हुई जब युवती घर में अकेली थी।

आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल फोन के चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक,

**■ घर में शव मिला, माता-पिता जिम गए थे, नौकर पर शक**

मामले में 19 साल का राहुल मीणा मुख्य संदिग्ध है। वह आईआरएस अफसर के घर में करीब आठ महीने तक नौकर था। उसे करीब एक महीने पहले रोजमर्रा के खर्चों में गड़बड़ी के आरोप में नौकरी से हटा दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, मीणा को घर की बनावट और परिवार की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। उसे यह भी पता था कि युवती के माता-पिता कब वॉक या जिम के लिए घर से निकलते हैं।

# हिंदू एकजुट रहें, संप्रदायों में बंटे नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते।

यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या

**■ जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा: वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते, यह सोच सही नहीं**



इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिस पर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

## जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कोलकाता में आई-पैक के परिसरों पर ईडी की छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित हस्तक्षेप पर कड़ी आपत्ति जताई है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें ईडी ने सुश्री बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई के समक्ष प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी का आरोप है कि सत्तारूढ़

**■ कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था, ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं बंगाल की सीएम**

तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार आई-पैक पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री और पुलिस ने बाधा डाली थी। इसके साथ ही, ईडी अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को भी चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के स्कूलों में हर घंटे पानी पीने की घंटी, ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटक बेहोश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पारा इस हफ्ते 45 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। इसके चलते दिल्ली के स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे हर 45-60 मिनट में घंटी बजाकर छात्रों को पानी पीने की याद दिलाएं, ताकि उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। इधर, यूपी के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। आगरा में ताजमहल देखने पहुंचे 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। प्रयागराज में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर में पर्यटकों की संख्या घट गई है। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वार्म नाइट' की चेतावनी दी है। यहां रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहेगा और रात में भी लू चलेगी।

### यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**प्रयागराज।** एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड उत्तर प्रदेश (यूपी) बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे यूपी बोर्ड के प्रयागराज मुख्यालय से जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक कराई गई थी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में हाईस्कूल में 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट में 25 लाख 76 हजार 82 को मिलाकर 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। यूपी बोर्ड ने नकल विहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से परीक्षा के लिए व्यापक तौर पर इंतजाम किए थे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई गई थी। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 54 लाख 38 हजार 597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

### पीएफआई मामले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने यहां पीएफआई साजिश मामले के आरोपी इकबाल इब्राहिम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने एनआईए की ओर से रिकॉर्ड पर रखे गए डिजिटल साक्ष्यों का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि यह मानने के उचित आधार हैं कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्ट्या सच हैं और आरोपों की प्रकृति गंभीर है।

# ट्रम्प ने युद्धविराम बढ़ाया ईरान ने धोखा बताया

## अमेरिका ने पाक आर्मी चीफ मुनीर व पीएम शहबाज की अपील पर लिया फैसला

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार देर रात को घोषणा की कि अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध में युद्धविराम की अवधि बढ़ा दी है और प्रस्तावित सैन्य हमले को फिलहाल टाल दिया गया है। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जाहिर करते हुए कहा है कि यह एक 'चाल' है और उसने कभी इसके लिए दरख्वास्त नहीं की थी।

व्हाइट हाउस द्वारा भारतीय समयानुसार देर रात के बाद जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के नेतृत्व की अपील पर ईरान पर नियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने और युद्धविराम को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे ईरान की ओर से एकजुट बातचीत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। बयान के अनुसार, युद्धविराम बढ़ाने का अनुरोध पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया था। अमेरिका ने कहा है कि जब तक ईरानी नेतृत्व बातचीत के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव पेश नहीं करता, तब तक कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि मैंने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि वे नाकेबंदी जारी रखें और पूरी तरह तैयार रहें। इसका मतलब है कि सक्रिय सैन्य कार्रवाई भले ही टाल दी गई हो, लेकिन ईरान पर दबाव बना रहेगा। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि युद्धविराम तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ईरान अपना प्रस्ताव पेश नहीं करता और वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती चाहे जो भी परिणाम हो। इससे यह संकेत मिलता है कि कूटनीति विफल होने पर सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। यह कदम क्षेत्रीय संकट के बीच कूटनीति के लिए एक अस्थायी अवसर के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में एक अहम भूमिका निभाने के तौर पर उभर रहा है। अमेरिका के हालांकि नाकेबंदी जारी रहने से यह भी स्पष्ट है कि -शेष पृष्ठ दो पर



**■ ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया**



**■ ट्रम्प का एकतरफा युद्धविराम विस्तार एक 'चाल' : अब्बास अराघची**

### होर्मुज स्ट्रेट से भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहा था। लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। कार्रवाई के दौरान आईआरजीसी ने जहाज को इंटरसेप्ट कर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है। इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले केदारनाथ धाम के कपाट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ सीएम पुष्कर धामी बने साक्षी, पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की, पीएम मोदी के नाम से प्रथम पूजा की अर्पित**
**■ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया**

**रुद्रप्रयाग।** श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय श्री केदार के उद्घोष से गूंज उठा। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट उद्घाटन का यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम न केवल सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और इस वर्ष भी बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी उत्तराखंडवासियों से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और आतिथ्य भाव बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बाबा केदारनाथ का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद उनके मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, जो आज विश्वभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड होते हुए कल शाम ही धाम पहुंच -शेष पृष्ठ दो पर

# वैश्विक संकट के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत

## संयुक्त राष्ट्र ने जताया भरोसा, इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, वार्ता

**पश्चिम एशिया** संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है।

संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा कि आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी। इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला। हालांकि, भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं, क्योंकि अगस्त, 2025 में 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी गिरावट आई। सेवा क्षेत्र वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहा। महंगाई के मोर्चे पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा, भारत में मुद्रास्फीति इस साल 4.4 फीसदी और 2027 में 4.3 फीसदी रहेगी। व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटा है। 2024 में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद 2025 में क्षेत्र में एफडीआई दो फीसदी घट गया, जबकि वैश्विक स्तर पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित किए...वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। इन देशों में क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर की निवेश घोषणाएं हुईं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के श्रमिकों की ओर से भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है।



**■ मिडिल ईस्ट संघर्ष के बीच भारत ने सभी को चौंकाया**

## मोदी को आतंकी कहने पर चुनाव आयोग का खड़गे को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकी कहे जाने वाले बयान पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए हुए कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

इससे पहले अमित शाह, नितिन नवीन समेत शीर्ष भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर जोरदार निशाना साधा और उनके बयान की आलोचना की है। मामले में चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम मोदी को आतंकी कहे जाने का गंभीर रूप से संज्ञान लिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले मंगलवार को भाजपा ने चुनाव आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा ने आयोग को सौंपे ज्ञापन में खड़गे के बयान को गंभीर रूप से अपमानजनक बताते हुए इसे आदर्श आचार संहिता का प्रथम दृष्ट्या उल्लंघन बताया था। पार्टी ने आयोग से खड़गे से सार्वजनिक माफी मंगवाने और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक व नियामक कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी।

**■ आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर कड़ा संज्ञान लिया**

## एक नजर

### पालिका ने अतिक्रमण हटवाया



**हल्दौर।** मौहल्ला कूकड़ा चुंगी में नायब तहसीलदार सार्थक चावला और नगर पालिका ईओ सीमा वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान यहां करीब 11 स्थायी और लगभग 15 अस्थायी अतिक्रमण चिन्हित किए गए, जिन्हें जेसीबी से हटवा दिया गया। टीम को कुछ जगहों पर अस्थायी अतिक्रमण में पशु बंधे हुए मिले, जिनकों हटवाया गया। इसके बाद टीम मौहल्ला टाटमोहरा पहुंची, जहां फल और सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ विक्रेताओं ने स्वयं ही अपने ठेले और सामान हटाकर सहयोग किया। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन दुकानदारों ने निर्धारित सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया, उनके खिलाफ तीन से चार दिन के भीतर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के चलते बाजार में हलचल बनी रही और कई दुकानदारों में असमंजस की स्थिति देखी गई। इस दौरान नगर पालिका के लिपिक अजय मोहन शर्मा सहित अरुण कुमार, अंकित कुमार, तेजपाल सिंह और शक्ति सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**स्योहारा।** जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक द्वितीय चरण 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा तृतीय चरण पांच मई से सात मई तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 21 अप्रैल को प्रात 10 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ फील्ड ट्रेनर अनुराग कुमार एवं विवेक कुमार बंसल, जनगणना चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल तथा सहायक जनगणना अधिकारी देवेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित गणनाकारों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गई नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना कार्य हेतु कुल 117 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है जिनमें 90 गणनाकार 15 पर्यवेक्षक 10 आरक्षित गणनाकार तथा 2 आरक्षित पर्यवेक्षक शामिल हैं प्रथम चरण में कुल 45 गणनाकार एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका द्वितीय दिवस 22 अप्रैल को संपन्न हुआ तथा 23 अप्रैल को प्रथम चरण का समापन होगा द्वितीय चरण में 45 तथा तृतीय चरण में 27 गणनाकार एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जनगणना-2027 इस बार पूर्णत पेपरलेस प्रणाली के आधार पर संपन्न की जाएगी। नागरिक या परिवार का मुखिया स्वयं भी विकसित ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी जनगणना की जानकारी दर्ज कर सकेगा। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 22 मई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा जिसके तहत नियुक्त गणनाकार घर-घर जाकर मकानों एवं परिवारों का विवरण एकत्र करेंगे।

### पुलिस पर गंभीर आरोप

**हीमपुर दीपा।** लंबे समय से हीमपुर दीपा थाने में टिके सिपहियों का दिमाग इस कदर खराब हो गया है कि वह अब पीड़ितों का प्रार्थना पत्र तक लेने को तैयार नहीं है। वहीं किसी की सिफारिश करने के बाद यदि प्रार्थना पत्र ले भी ले, तो उस पीड़ित को इस तरह घुमाया जाता है कि वह थाने शिकायत लेकर जाना तो दूर, थाने के आसपास से भी गुजरना गवारा नहीं समझता। ताजा मामला ग्राम उमरी पीर से सामने आया है, जहां मोबिन ने ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी कुछ जानकारो को उनकी बेटी की शादी में चिकन सप्लाई किया था। जिसमें करीब उसके 17 हजार रुपए बकाया रह गए थे। बताया जाता है कि पीड़ित को लंबे समय से टरकाया जा रहा था। उधर जब पीड़ित ग्राम अकबरपुर तिगरी अपने पैसे लेने पहुंचा, तो दबंग ने बाइक पर बैठे मोबिन को पैसे मांगने पर दो-तीन थप्पड़ रसीद कर दिए। जब मोबिन बाइक से उतरा, तो दबंग के साथ मौजूद उसके दो अज्ञात साथी ने भी उसके साथ मारपीट की, जिसमें पीड़ित की शर्ट फट गई। इस दौरान उसकी शर्ट में रखें करीब 5000 भी वहीं गिर गए। इसके बाद पीड़ित जान बचाकर वहां से थाने की ओर भागा। बताया जाता है कि जब पीड़ित ने थाने में तहरीर दी तो वहां मौजूद सिपाही को पहले से ही सारा मामला पता था और पीड़ित को तीन की पांच बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इतना ही नहीं जब सिपाही, पीड़ित के साथ गांव पहुंचा तो पुलिस गांव के बाहर ही सारी बातें करती रही जबकि आरो. पित के घर तक जाना उन्होंने गंवारा नहीं समझा। सूत्र बताते हैं कि प्रार्थना पत्र देने से पहले ही सिपाही को पूरे मामले की जानकारी थी। सूत्रों का यह भी दावा है कि पहले ही पुलिस की जेब गर्म कर दी गई थी, इसीलिए न केवल प्रार्थना पत्र लेते वक्त पीड़ित को तीन की पांच बताई गई, बल्कि ग्राम अकबरपुर तिगरी ले जाकर भी मामले की खानापूर्ति की गई।

# बिल भरें या बच्चों को पढ़ाएं

## स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिलों ने भड़काया गुस्सा, सड़क पर उतरा गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम सुहागपुर में स्मार्ट बिजली मीटर अब लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का सबब बनता नजर आ रहा है। पिछले तीन महीनों से लगातार आ रहे भारी-भरकम बिजली बिलों ने ग्रामीणों की कमर तोड़ दी है। हालत यह हो गई है कि गांव के लोग अब दो वक्त की रोटी और बच्चों की पढ़ाई के बीच चुनाव करने को मजबूर हो गए हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें महीने में कई-कई बार बिजली बिल जमा करने के नोटिस मिल रहे हैं और बिल की रकम हजारों रुपए में पहुंच रही है। ऐसे में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। एक महिला ने आक्रोश में कहा, 'हम बिजली का बिल भरें या अपने बच्चों को पढ़ाएं-खिलाएं?'

बार-बार शिकायत करने के बावजूद जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आखिरकार ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाएं, पुरुष और बच्चे एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए। हाथों में लाठी-डंडे और नारों के साथ पूरे गांव में विरोध की आवाज गूंज उठी। 'स्मार्ट मीटर वापस लो' और 'बिजली विभाग होश में आओ' जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा।

प्रदर्शन के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपते हुए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। इस दौरान कमला देवी, मौहम्मद फिरोज, मौहम्मद वाजिद, नरगिस, नाहिद, रुस्तम, विमलेश, शाहनवाज, मुन्नी, रेहान, मौहम्मद जावेद, अनीता, कौशल, पूजा, ममता, जमशीदा, फरीदा, हसीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इन ग्रामीणों की पुकार सुनेंगे, या यूं ही बिजली के बिलों का बोझ लोगों की जिंदगी को अंधेरे में धकेलता रहेगा?

# हरियाली की मिसाल बना ग्रेट इंडियन एकेडमी

## बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने रचा पर्यावरण संरक्षण का अनोखा उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसा भव्य और प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसने पूरे परिसर को हरियाली और उत्साह से भर दिया। 'पेड़ लगाओ, धरती बचाओ' के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के मन में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की गहरी भावना जागृत की।



नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। नन्हे बच्चों से लेकर वरिष्ठ छात्रों तक सभी ने अपने हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को पौधों के महत्व, उनके संरक्षण और देखभाल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों के अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और इस अभियान को और अधिक सार्थक बना दिया। इस दौरान खींची गई तस्वीरें इस यादगार पल की गवाह बन गईं।

कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता से भी सबका दिल जीत लिया। कक्षा 1 एवं 2 के छात्रों ने प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कागज के बैग बनाकर जागरूकता फैलाई, वहीं कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए 'बर्ड फीडर' तैयार कर पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई।

संपूर्ण आयोजन ईएचई क्लब के अध्यापक पवित्र एवं रंजना सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें विद्यालय के निदेशक आयुष अग्रवाल, तनु अग्रवाल, पूजा वर्मा, ललिता मिश्रा तथा पीटीआई अरनव चौधरी का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय प्रबंधन के गौरव डाबरा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा ने संदेश देते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जीवनशैली में पर्यावरण संरक्षण अपनाने का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस सफल आयोजन के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया कि यदि हम सभी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो पृथ्वी को हरा-भरा और सुरक्षित बनाया जा सकता है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अक्रियाशील गौशालाएं होगी क्रियाशील

## हरे चारे के लिए आवंटित भूमि की मैपिंग कर संरक्षित गोवंशों के लिए व्यवस्था करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संचालित गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों की उचित देखभाल के दृष्टिगत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।



डीएम ने समीक्षा के दौरान गौशालाओं के लिए आवंटित चारागाह की भूमि मैपिंग न पाए जाने अथवा मैपिंग भूमि में चारा उगाने की कार्यवाही न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एसडीएम, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा बीडीओ को आपसी सामंजस्य स्थापित कर चारागाह में चारा उगाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने की निर्देश दिए। किसी के साथ उन्हें भी नहीं यह भी निर्देशित किया कि जनपद में जो भी गौशालाएं एक अक्रियाशील हैं, तत्काल उनको संचालित करना सुनिश्चित कराएं तथा निर्माणाधीन गौशालाओं को तत्काल पूर्ण कर पशुधन विभाग को हैंडोवर करना सुनिश्चित करें ताकि उनको संचालित किया जा सके। उन्होंने जनपद के सभी गौ आश्रय स्थलों पर गौवंश का टीकाकरण किया जाये तथा गौवंशों में शतप्रतिशत टैगिंग सुनिश्चित की जाये। उन्होंने आने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया गया कि जनपद में शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में मार्ग के किनारों पर विशेष निगरानी रखे तथा सुनिश्चित करें कि कोई गौवंश मार्ग पर घूमता हुआ न पाया जाये, यदि कोई गौवंश आवार घूमता हुआ पाया जाये तो उसे तत्काल नजदीकी गौ आश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया है कि गौ आश्रय स्थल-ननुपुरा का प्रबंधन संस्था द्वारा सही प्रकार से नहीं किया जा रहा है, जिस पर उन्होंने निर्देशित किया गया कि संस्था गौ आश्रय स्थल का संचालन नियमानुसार सही ढंग से करें अन्यथा की स्थिति में गौ आश्रय स्थल का प्रबंधन स्थानीय निकाय को दे दिया जायेगा। जिले में संचा. लित गौ आश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक गौवंश संरक्षित पाए जाने पर उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों पर अतिरिक्त शेड निर्माण कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप गौ आश्रय स्थलों के भरण-पोषण की डिमांड व सीएम निराश्रित गौवंश सहभागिता योजनान्तर्गत पशुपालकों की डिमांड प्रत्येक माह की 25 तारीख तक एवं डिमांड का सत्यापन प्रत्येक माह की 30 तारीख तक मुख्यालय को प्रेषित करें। सभी ग्राम विकास सचिव प्रत्येक दिन की गौवंश संख्या, भरण-पोषण हेतु भूसा, हरा चार व दाना की मात्रा गौ आश्रय स्थल ऐप पर अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा मृत गौवंश के शव का निस्तारण सम्मानपूर्वक विधिपूर्ण तरीके से किया जाए।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत



**स्योहारा।** सहसपुर क्षेत्र में चलती ट्रेन से गिर जाने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को दी गई। जिसके बाद एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान बिहार राज्य के समस्तीपुर निवासी विधनाथ दास (30 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या के प्रयास के दो वांछित गिरफ्तार



**नहटौर।** ग्राम महमूदपुर कामिल निवासी अमीना ने नहटौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उसके पति जमील अहमद पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस संबंध में थाना नहटौर में मुकदमा अपराध संख्या 131/2026, धारा 109(1), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी उप-निरीक्षक संयम यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम ने नहटौर-किरतपुर रोड स्थित गिलाड़ी बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान रिफाकत पुत्र लियाकत और लियाकत पुत्र बाते के रूप में हुई है। दोनों महमूदपुर कामिल उर्फ नरगदी नवादा, थाना नहटौर के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं और उन पर पहले भी मारपीट व धमकी देने के मामले (मुकदमा अपराध संख्या 46/2024, धारा 504/506 भादवि) दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप-निरीक्षक संयम यादव, कांस्टेबल आदेश यादव और कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल थे। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

### कुएं में गिरे गुलदार के दो शावक रेस्क्यू



**नहटौर।** ग्राम कमालपुर निवासी बुद्ध सिंह के नलकूप का एक गहरा झेरा ग्राम छजुपुरा के जंगल में स्थित है। संभवतः खेलते हुए या रास्ता भटक कर गुलदार के दो छोटे शावक इस गहरे झेरे में जा गिरे। शावकों के कुएं में गिरने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और सूझबूझ के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। शावक काफी छोटे होने के कारण उन्हें बिना चोट पहुंचाए बाहर निकालना एक चुनौती थी। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों गुलदार के शावकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि दोनों शावकों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वन अधिकारियों ने जानकारी दी कि शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें उनकी मां से मिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग ने ग्रामीणों को जंगल के पास अकेले न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि शावकों की मौजूदगी का मतलब है कि मादा गुलदार भी आस-पास ही हो सकती है।

### दुकान का गल्ला तोड़कर नकदी चोरी

**हल्दौर।** ग्राम गाजीपुर निवासी रविंद्र कुमार की दुकान बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे पर खासपुरा अड्डे के पास स्थित है। बताया गया कि दोपहर करीब दो बजे दुकानदार किसी काम से गांव चले गए थे। इसी दौरान चोर दुकान में घुसे और गल्ले का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 15 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। करीब एक घंटे बाद लौटने पर दुकानदार को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चौकी प्रभारी का कहना है कि संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

तनाव अभी कम नहीं हुआ है और बातचीत विफल होने पर स्थिति फिर से बिगड़ सकती है। इससे पहले ईरान ने संयुक्त राष्ट्र से अपील करते हुए अमेरिका द्वारा ईरानी जहाज टौस्का को जब्त करने की निंदा की थी और इसे समुद्री डकैती करार दिया था। अमेरिका-ईरान दोनों देशों के बीच युद्धविराम रुकने तक लगभग 4,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें अधिकतर मौतें मिसाइल हमलों और ड्रोन हमलों के कारण हुई हैं। उधर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने 'धमकियों के साए' में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। श्री अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की जारी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे 'युद्ध की कार्रवाई' और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया।

उन्होंने कहा कि ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने युद्धविराम विस्तार को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के नजरिए से इसका 'कोई मतलब नहीं' है और इसकी 'कोई वास्तविक अहमियत' नहीं है। उन्होंने इस कदम को 'अचानक हमले' के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावानी ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लामाबाद में किसी भी औपचारिक शांति वार्ता में शामिल होने के लिए नौसैनिक नाकेबंदी को खत्म करना ईरान की अनिवार्य शर्त है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से जुड़ी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर (एमएनए) ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम बढ़ाने की मांग नहीं की है। एजेंसी ने ताकत के दम पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की धमकियों को फिर दोहराया। युद्धविराम विस्तार की यह घोषणा युद्ध में हुए कई बड़े घटनाक्रमों के बाद हुई है। हमलों पर रोक के बावजूद ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का निर्देश दिया है, जो ईरान के लिए विवाद का मुख्य मुद्दा बना हुआ है।

**श्रद्धालुओं के...**

चुकी थी। इसी क्रम में कपाट खुलने की प्रक्रिया आज प्रात: 5 बजे से प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रात: 8 बजे रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती सहित धर्माचार्यों एवं वेदपाठियों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की। देव आह्वान एवं लोककल्याण के संकल्प के साथ ठीक 8 बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट उद्घाटन के अवसर पर श्री केदारनाथ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कपाट खुलने के अवसर पर श्रीमती गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग/मुख्य कार्याधिकारी बीकेटीसी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, सहित बड़ी संख्या में तीर्थ पुरो. हतगण, हकहकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आरक्षण की मांग पर मोदी को भेजेंगे 10 लाख पोस्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि उसमें इस मामले में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड पीएम को भेजेंगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल जयहिंद ने कहा कि भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं रही है।

**कार्यालय जिला पंचायत, संभल**

पत्रांक : 77/जि०पं०सं०/सम्पत्ति/ पं०रा०वि०/2026-27 दिनांक : 22/04/2026

**सार्वजनिक नीलाम सूचना**

सक्षम स्तर द्वारा प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में सर्वसाधारण (जिला पंचायत सम्भल के पदाधिकारी, सदस्य एवं अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके निकट सगे-सम्बन्धियों छोड़कर) को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सम्भल के स्वामित्व की संयुक्त चिकित्सालय, चन्दौसी स्थित रिक्त दुकान संख्या-7 को किराये पर उच्चतम प्रीमियम के आधार पर नीलाम किये जाने हेतु दिनांक 15.05.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय सभागार जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई) में नीलाम समिति के द्वारा किया जायेगा। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं जमानत के रूप में अंकन 2,00,000/- रू. का ड्राफ्ट (जो "अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सम्भल" के पक्ष में बन्धक हो) नीलाम समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत एवं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/मा. अध्यक्ष में निहित होगा।

उक्त विज्ञप्ति के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तों को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई) में देखा जा सकता है।

अभियन्ता
जिला पंचायत,सम्भल।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,सम्भल

# नाबालिग बेटी की गला दबाकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लोकलाज की खातिर एक पिता ने 17 वर्षीय बेटी की गला दबा कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। मृतका के मामा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।



## आरोपी पिता को पुलिस ने पकड़ा

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बिंजाहेड़ी में ऑनर किलिंग की इस रौंगटे खड़े कर देने वाली वारदात से सनसनी फैल गई। दिल्ली की बेकरी में काम करने वाले पिता ने अपनी सबसे बड़ी बेटी आयशा का गला सिर्फ इसलिए दबा दिया, क्योंकि वह ग्राम के ही एक किशोर से ही मोहब्बत करने का गुनाह कर बैठी थी। सूत्रों के मुताबिक मृतक आयशा और ग्राम का ही एक लड़का एक-दूसरे को दिल दे बैठे थे। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही नाबालिग हैं। करीब 15 दिन पहले प्रेमी किशोर हिम्मत जुटाकर आयशा के घर शादी का प्रस्ताव लेकर भी पहुंचा था, लेकिन पिता नजाकत ने उसे बेइज्जत कर घर से खदेड़ दिया था। नजाकत को डर था कि अगर यह बात ग्राम में फैली, तो उसकी नाक कट जाएगी। इसके बाद नजाकत ने इज्जत की खातिर बेटी पर कई तरह की पाबंदियां लगाईं। उसे पीटा और किशोर से बात न करने की कसम दिलाई, लेकिन आयशा ने अपने इश्क का खुल कर इजहार करते हुए कहा कि वह उससे मिलना नहीं छोड़ेगी और शादी करके रहेगी। आज इसी बात को लेकर घर में भारी कलह हुई। देखते ही देखते नजाकत के सिर पर खून सवार हो गया। उसने लोकलाज के डर को बेटी की जान से ऊपर रखा और अपने ही हाथों से आयशा का गला घोंट दिया। पांच बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी आयशा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

ग्राम में मारपीट की सूचना किसी ने डायल 112 को दी। जब तक पुलिस टीम ग्राम बिंजाहेड़ी पहुंचती, तब तक घर के आंगन में आयशा की लाश पड़ी थी। पिता के चेहरे पर पछतावे से ज्यादा उस बदनामी का खौफ दिख रहा था, जिसे मिटाने के लिए उसने अपनी बेटी को ही मिटा दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया।

सीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का लग रहा है। पिता को अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा और बदनामी का डर था। मृतका के मामा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की गहनता से तफ्तीश की जा रही है।

# वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर नैन्सी धुन्ना द्वारा वृद्धा आश्रम विदुर कुटी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता उपस्थित मिली।



प्रभारी अधीक्षिका द्वारा बताया गया कि वृद्धा आश्रम में कुल 63 वृद्धजनों के रजिस्ट्रेशन है, जबकि वर्तमान में कुल 42 वृद्धजन वृद्धा आश्रम में निवासरत है।

निरीक्षण के दौरान सभी वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व स्वास्थ के बारे में पूछा गया, तो एक वृद्ध द्वारा बताया गया कि कुछ पंखे सही नही है। जिसके सम्बन्ध में प्रभारी अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि तत्काल पंखे सुधरवाना सुनिश्चित करें। प्रभारी अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि वृद्धजनों के आधार कार्ड एवं वृद्धा पेंशन हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समय-समय पर कैम्प लगाया सुनिश्चित करें। निरीक्षण के पश्चात एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# गुटबाजों को सपा अध्यक्ष अखिलेश ने नकारा, ईमानदार व ऊर्जावान हनी फैसल को दुलारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हनी फैसल को जिलाध्यक्ष बना कर साफ कर दिया है कि पार्टी में गुटबाजों व कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। ऊर्जावान हनी फैसल को जिला अध्यक्ष बनाए जाने का सभी पुराने व ईमानदार कार्यकर्ताओं में अच्छा मैसेज गया है। खासतौर पर उन बड़े नेताओं को बड़ा झटका लगा है, जो अपने गुर्गों व चापलूसों को जिलाध्यक्ष बनवा कर संगठन में थोक के भाव पद हासिल करना चाहते थे।



## युवा व पुराने कार्यकर्ताओं में दौड़ी खुशी की लहर

प्राप्त समाचार के अनुसार लगभग ढाई माह पूर्व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद के संगठन को बर्खास्त कर दिया था। जिस दिन संगठन को बर्खास्त किया गया था, उससे एक दिन पूर्व पार्टी कार्यालय में बैठे समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल के पास लखनऊ मुख्यालय से फोन आया था और वह वहां चले गए थे। अगले दिन संगठन बर्खास्त हो गया था। इसके बाद से ही विभिन्न दावेदार लगातार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रभावित करने के लिए उलेमाओं, नेताओं व तिकड़मबाजों के साथ दिल्ली व लखनऊ के चक्कर लगा रहे थे। कई नेताओं ने तो अपने गुर्गों की इस तरह से पैरोकारी की कि उन्हें सरेआम बेइज्जत होना पड़ा। इसके बाद नजीबाबाद के एक अन्य चर्चित बड़े नेता ने दो अन्य नेताओं के साथ मिल कर अपने गुर्गे को जिला अध्यक्ष बनवाने के लिए झूठे आरोप भी लगाए थे। इन नेताओं की पोल खुल गई थी। तिकड़मबाजों ने इसके बावजूद हार नहीं मानी थी। रमजान में तो यह तिकड़मबाज शांत रहे, लेकिन इसके बाद से ही एक बार फिर इन्होंने जोर आजमाईश शुरू कर दी थी। लेकिन आम जनता का दिल जीतने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसी की नहीं सुनी और शुरूआत से ही जो संकेत मिल रहे थे, वो सही साबित कर हनी फैसल को जिला अध्यक्ष बना दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के द्वारा यह नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। जैसे ही नियुक्ति पत्र जारी होने की सूचना जनपद में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंची, तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई।

पार्टी के कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू ने कहा कि जल्द ही नए जिला अध्यक्ष हनी फैसल का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# सरस्वती पुस्तकालय में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पृथ्वी दिवस और पुस्तकालय के निरीक्षक पंकज अग्रवाल के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सरस्वती पुस्तकालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुस्तकालय परिसर में दो पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उप प्रधान अनुज मिश्रा, गिरीश चंद सिंघल, अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, लवी अग्रवाल आदि मौजूद थे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



## एक नजर

### सन शाइन स्कूल में वृक्षारोपण



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यार्थी पूर्वी, राघव, रिया, मानव, मनी, चारुल, भूमिका, ओवेश, यशी, इशु, हुमैरा, लवी, दिव्या, तनिष्क, विराज, आरोही, सुनैना, फिहा, मयंक, कशिश, फरहान, अशलान, त्रिशा आदि ने नाटक के माध्यम से पृथ्वी दिवस का अर्थ समझाया। प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल व आयुष ने वृक्षारोपण कराया।

### मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा



**नजीबाबाद।** अन्नपूर्णाजनक हरि मंदिर में विनायक चतुर्वेदी, निलोहित चतुर्वेदी व अभिषेक चतुर्वेदी के सौजन्य से शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इससे पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ भाजपा नेत्री लीना सिंघल ने किया। इस अवसर पर व्यापारी नेता कपिल शर्मा, लवी अग्रवाल, आशु अग्रवाल, नामित सभासद नमन गुप्ता, महिला मोर्चा भाजपा अध्यक्ष मनीष सैनी, मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला, जितेंद्र जैन, संजय सैनी आदि मौजूद थे।

### महताब ने सीएम को लिखा पत्र



**नजीबाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी महताब खान चांद ने पीएम व सीएम को पत्र लिख कर नजीबाबाद को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद को जिला बनाए जाने से उ.प्र. के साथ-साथ उत्तराखण्ड को भी फायदा होगा। तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में वन भूमि भी है। साथ ही पत्थरगढ़ किले में एम्स मेडिकल भी बनाया जा सकता है। साथ ही नजीबाबाद ऐतिहासिक महत्व की नगरी है।


### हिरण पर कुत्तों का हमला



**अफजलगढ़।** ग्राम विजयनगर में कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र से भीषण गर्मी के कारण पानी की तलाश में भटक कर आई मादा हिरण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और किसी तरह से ग्रामीणों ने कुत्तों को भगा कर हिरण की जान बचाई। सूचना मिलते ही वन कर्मी विवेक चौधरी व शकील अहमद ने हिरण को चिकित्सालय लाकर उपचार कराया। कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र व अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते छोटे तालाब, नाले व गड्ढों में भरे पानी सूख गया है। वन्य जीव मैदानी तथा आबादी इलाकों में पानी की तलाश में भटक कर आ रहे है। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि स्वस्थ होने तक मादा हिरण को पीली बांध चौकी पर रखा गया है, ताकि उसकी देखभाल ठीक से हो सके।

समाजवादी पार्टी जिंदाबाद। मा. अखिलेश यादव जी जिंदाबाद। समाजवादी पार्टी जिंदाबाद।















समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव जी की स्वीकृति से युवा, संघर्षशील, ईमानदार व वफादार नेता

हनी फैसल

को पार्टी का बिजनौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर

हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक सैनी

पूर्व प्रत्याशी- समाजवादी पार्टी, बिजनौर लोकसभा क्षेत्र

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है तथा परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पैदा करने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# गौ आश्रय स्थल में खुशी की लहर

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम तुरतपुर स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गाय ने एक साथ दो बछिया को जन्म दिया। जिससे गोशाला संचालक सहित सभी कर्मचारियों में खुशी छाई हुई है।

गौशाला संरक्षक ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आमतौर से ग्रामीणों द्वारा निराश्रित छोड़े गए गौवंश सड़कों व खेतों आदि से पकड़ कर गोशालाओं में लाए जाते हैं। जोकि बहुत ही दयनीय स्थिति में होते हैं। यदि पशु पालकों द्वारा छोड़े गए गौवंश की सही ढंग से देखभाल हो तो स्वस्थ रहकर पुन: दूध पिलाने योग्य हो सकते है। लगभग एक वर्ष पूर्व उक्त गाय बहुत ही कमजोर दयनीय अवस्था में पकड़ कर गोशाला लाई गई थी। जिसकी अच्छी तरह देखभाल होने के कारण उसने आज दो स्वस्थ बछियों को जन्म दिया। जिससे पूरी गोशाला में खुशी का माहौल है। गौरतलब है कि सड़कों पर निराश्रित गौवंश (गायों) को पकड़कर गौशाला में लाया जाता है परन्तु आज भी काफी संख्या में सड़कों और खेतों में गौवंश (बछड़े व सांड) घूम रहे हैं। जिनसे आए दिन वाहन चालकों की जान को खतरा बना हुआ है। एंव उक्त आवारा निराश्रित गौवंश किसानों की खेती को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

# हनी फैसल को जिला अध्यक्ष बनाने से सपा को मिलेगी नई ऊर्जा : दीपक सैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी एवं नूरपुर के विधायक राम अवतार सिंह सैनी के पुत्र दीपक सैनी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से युवा नेता हनी फैसल को प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के द्वारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे संगठन मजबूत होगा और पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।





## आठों विधानसभा सीटें जीतने के लिए कार्य करें सपा कार्यकर्ता

वरिष्ठ नेता दीपक सैनी ने कहा कि जिला अध्यक्ष बनाए गए हनी फैसल ऊर्जावान नेता है। वह पार्टी के लिए हमेशा से पूरी तरह समर्पित रहे हैं। उन्हें जिला अध्यक्ष बना कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ाया है और यह साबित कर दिया है कि पार्टी के लिए ईमानदारी के साथ काम करने वालों को मान-सम्मान जरूर मिलता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हमें प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनानी है। तभी प्रदेश में विकास होगा और खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को जनपद की आठों विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए आपसी मतभेद भुला कर पूरी ताकत के साथ मेहनत करनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा की लहर चल रही है। स्मार्ट मीटर, महंगाई, भ्रष्टाचार एवं अफसरों की मनमानी से आम जनता बेहद नाराज है। विभिन्न संगठनों की गुण्डागर्दी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि आम जनता इस सरकार से छुटकारा चाहती है। उन्होंने कहा कि हमें बूथ स्तर पर मेहनत करनी होगी। आम जनता के बीच जा कर उनकी समस्याओं को सुनना होगा और उन्हें भाजपा सरकार की नाकामियां भी बतानी होगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के लिए भाजपा कई हथकंडे अपना सकती है। इससे हमें सावधान रहना होगा। उन्होंने वोट कटवा पार्टियों व नेताओं से भी सावधान करते हुए कहा कि यह पर्दे के पीछे से भाजपा की मदद कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एक-एक वोट सपा प्रत्याशियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है।

# बिजनौर में हटाया गया अतिक्रमण





## अभियान के नाम पर की गई सिर्फ खानापूर्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम व एसपी के निर्देश पर आज जनपद मुख्यालय पर नगर पालिका प्रशासन व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने डाक घर चौराहे से शक्ति चौक तक एवं नुमाइश ग्राउण्ड के आसपास अतिक्रमण हटवाया। लेकिन अभियान के दौरान प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण नहीं हटाए गए।

जनपद मुख्यालय बुरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है। मुख्य बाजार एवं सिविल लाइन सहित जानी का चौराहा, बुल्ला का चौराहा, विदुर कुटी रोड एवं किरतपुर मार्ग पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण है। नालों को अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे में ले रखा है। व्यापारी अपनी दुकानों व शोरूम का सामान सड़कों पर रख कर बेचते हैं। मुख्य बाजार में इतना ज्यादा अतिक्रमण है कि वहां पर पैदल चलना भी मुश्किल होता है। अपनी नाकामियां छिपाने के लिए डाक घर चौराहे पर पुलिस ने बैरियर लगा कर अन्दर वाहनों के जाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। रोडवेज बस स्टैण्ड के चारों तरफ अतिक्रमण है। खुद पालिका कार्यालय के बाहर इतना ज्यादा अतिक्रमण है कि यहां पर अक्सर जाम लग जाता है। धार्मिक शोभायात्राओं के दौरान कई-कई दिनों तक स्वागतद्वार लगा दिए जाते है। इन्हें शोभायात्रा निकलने के बावजूद नहीं हटाया जाता है। नर्सिंग होम व शोरूम संचालकों ने अपने बड़े जनरेटर सड़कों पर रख लिए है। इसके अलावा अवैध पार्किंग भी सड़कों पर बना दी गई है। शक्ति चौक पर हर समय पुलिस मौजूद रहती है। लेकिन यहां भी एक मॉल के बाहर भारी संख्या में दुपहियां वाहन खड़े रहते है। शक्ति चौक से जजी चौक के बीच में भी अतिक्रमण है। जजी चौक से मण्डावर रोड की तरफ पथ विक्रेताओं के लिए जगह निर्धारित की गई थी। लेकिन यहां पर भी अवैध स्टैण्ड बना कर अतिक्रमण कर लिया गया है। डीएम व एसपी इस मार्ग से गुजरते है। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। आज अतिक्रमण हटाए जाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान सिर्फ खानापूर्ति की गई। अधिकारियों ने पोस्टर व होर्डिंग हटा कर अभियान की खानापूर्ति कर ली। माना जा रहा है कि जब तक डीएम व एसपी खुद सड़कों पर निकल कर मुख्य बाजार व सिविल लाइन से अतिक्रमण नहीं हटाते है, तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। सबसे पहले नेताओं, बड़े व्यापारियों एवं अस्पताल संचालकों के अतिक्रमण को हटाना होगा। ठेले वाले और खोखे वाले सबसे कमजोर कड़ी होते है। इनको तो कोई भी हटा सकता है। लेकिन बड़े-बड़े गुनाहगारों के अतिक्रमण हजाने का साहस कोई नहीं जुटा पाता है।

### एक नजर

## शेख जाकिर ने दी सांत्वना



**बिजनौर।** पूर्व सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कांशीराम कॉलोनी की कशिश की हत्या के बाद आज पोस्टमार्टम हाऊस जाकर वहां मौजूद उसके परिजनों को सांत्वना देते हुए हत्यारोपी राहुल के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि जनपद में इस तरह के आपराधिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं और अपराधियों में किसी तरह का कोई खौफ नहीं रह गया है। शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि जनपद में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। इस दौरान प्रवक्ता अखलाक पप्पू, डॉ. योगेंद्र सिंह, काशिफ खान, मेहताबुद्दीन आदि मौजूद थे।

## फर्जी तहसीलदार की शिकायत



**बिजनौर।** फर्जी तहसीलदार बनकर किसानों को डराने और जमीन कब्जाने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम हंसावाला के ग्राम प्रधान पति मदन सिंह समेत खंजापुर, छील्लौर, धर्मपुरा जदीद और धर्मपुरा कदीर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि वीरेंद्र कुमार नामक व्यक्ति अपने साथ फर्जी तहसीलदार और पटवारी बनाकर गांवों में पहुंचता है। यह लोग खुद को सरकारी अधिकारी बताकर छोटे किसानों को धमकाते हैं और उन पर दबाव बनाकर उनकी जमीन कब्जा लेते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस तरह की धमकी और भय के कारण कई किसान अपनी जमीन छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। पीड़ितों ने इस मामले में एक अहम सबूत भी प्रशासन को सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने वीरेंद्र कुमार के साथ आए फर्जी तहसीलदार की वीडियो बनाकर जिलाधिकारी को दी है। आरोप यह भी है कि वीरेंद्र कुमार ने करीब 1000 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे मोटी रकम में बेच रहा है। मामले में एक नया मोड़ तब आया जब बिजनौर के एक अधिवक्ता ने भी आरोप लगाया कि वीरेंद्र कुमार ने जमीन के नाम पर उनसे करीब 30 लाख रुपये लिए, लेकिन बैनामा नहीं किया। अधिवक्ता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। फिलहाल इस पूरे प्रकरण की जांच जारी है। ज्ञापन देने वालों में मित्रसेन एडवोकेट, मदन सिंह, विजय पाल, गोपाल, भगत सिंह, सोनू, बल्ली, जोगेंद्र, दीपक, शुभम सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

## यूनिवर्सल एकेडमी में पौधा रोपण



**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### एक नजर

## भूसा दान करने का आह्वान

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के समुचित भरण पोषण के लिए शासन द्वारा जनपद को 60000 कुंतल भूसा भण्डारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 48000 कुंतल भूसा सरकारी बजट द्वारा खरीदा जाएगा, जबकि 12000 कुंतल भूसा जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक दानी व्यक्तियों द्वारा दान स्वरूप स्वीकार किया जाएगा।

## प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के दिशा निर्देशन एवं एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज आरजीपी इंटर कॉलेज में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण को पूर्ण सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं निर्बाध रूप से संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। एडीएम वान्या सिंह ने बताया कि फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए जनगणना कि महत्ता और जनगणना प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार भी है। इसलिए प्रत्येक जानकारी को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ दर्ज करना बेहद आवश्यक है। इस मौके पर जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी बिजनौर जेपी यादव ने कहा कि जनगणना कार्य एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्मिक समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें तथा फील्ड में आने वाली समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय से किया जाए। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्मिकों ने जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## आरोपी कार चालक के विरुद्ध मुकदमा

**नगीना।** सड़क हादसे में घायल युवक के पिता की तहरीर के आधार पर ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। 10 अप्रैल की शाम करीब 7:15 बजे रामपुरदास निवासी तसकील पुत्र शकील अहमद और उसका ममेरा भाई अलकमा निवासी दिल्ली बाइक से घर का सामान लेने नगीना जा रहे थे। जैसे ही वे फायर स्टेशन के पास पहुंचे, सामने से आ रही कार संख्या डीएल10 सीएफ 2864 ने उन्हें टक्कर मार दी। चश्मदीदों के अनुसार, कार चालक वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल नगीना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। तसकील की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बिजनौर के श्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जबकि अलकमा की हालत अधिक नाजुक होने के कारण उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित के पिता शकील अहमद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार चालक आकिब पुत्र रईस अहमद, निवासी मौहल्ला पटेरी, नगीना के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस, 2023 की धारा 281 (रैश ड्राइविंग), 125(इ) (लापरवाही से चोट पहुंचाना) और 324(4) (संपत्ति को नुकसान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक दीपक शर्मा को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गेहूं क्रय कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं

**बिजनौर।** एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने कहा कि गेहूं खरीद का कार्य शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर गेहूं क्रय के कार्य की प्रगति उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाती है, अतः कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरतें और गेहूं खरीद में ज्यादा से ज्यादा तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उक्त संबंध में सभी एसडीएम, डिप्टी आरएमओ, डीएसपीसीएफ तथा नेफेड के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गेहूं खरीद कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं और किसानों से संपर्क कर उनको सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर अपना गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शासन द्वारा गेहूं खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

## पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार सम्मानित

### नगीना को जिला बनाने की मांग पर अफजलगढ़ में सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगीना को जनपद बनाने की मांग उठाने वाले नगीना लोकसभा सीट से पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार को सम्मानित किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला बेगम सराय स्थित अब्दुल समी रॉयल एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन एवं युवा समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद व उनकी टीम ने नगीना लोकसभा सीट से पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यह सम्मान नगीना को जनपद बनाने सहित विद्युत व्यवस्था में सुधार, जनपद की जर्जर सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण करना, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, गुणवत्ता वाली शिक्षण संस्थान की स्थापना, लघु उद्योग व कास्ट उद्योग को बढ़ावा देना एवं जनपद में ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में विकास की मांगों को पत्र भेजकर सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाने पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में नगीना लोकसभा सीट से पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार ने कहा कि बिजनौर में गरीबों की समस्याओं के समाधान के लिए पीडीए पोर्टल शुरू किया गया है, जहां कोई भी पीड़ित अपनी शिकायत सीधे दर्ज करा सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिजनौर की जनता का उन्हें लगातार स्नेह और समर्थन मिल रहा है, जिसे वे जीवनभर नहीं भूलेंगे। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की जनता की हर समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में कई अहम मुद्दों पर बिल प्रभावी रूप से पारित नहीं हो पा रहे हैं। महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि बिना जातीय जनगणना के ऐसे बिलों का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की एकजुटता से ऐसे बिलों को चुनौती दी जा रही है। मनोज कुमार ने बढ़ती महंगाई, गैस के संकट और बेरोजगारी को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आम आदमी परेशान है और सरकार विकास के बजाय सांप्रदायिक मुद्दों पर राजनीति कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता बदलाव लाएगी। इस दौरान अफजलगढ़ क्षेत्र के लोगों ने निजी स्कूलों की फीस, कोर्स किताबों व अन्य मामलों में मनमानी, पुलिस उत्पीड़न आदि को लेकर अपनी शिकायतें भी रखीं। इस पर उन्होंने लोगों से लिखित शिकायत देने का आग्रह करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद के अलावा हाजी शकील अहमद, सपा नेता कामिल अहमद, सभासद रिजवान हसन, नीरज कुमार, अजविंदर सिंह बिस्ला, हाजी मौहम्मद सुल्तान, सपा युवा नेता अफजाल ठेकेदार, जुबैर अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष हसीब अहमद, खलील अहमद सागर, शाहिद चमोला, शेख इस्लाम, मौहम्मद जुबैर, मौहम्मद अशरफ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेंट मैरी स्कूल में पदग्रहण समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय कैबिनेट के गठन हेतु भव्य पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, तिलक एवं पुष्प स्वागत के साथ हुई तथा ईश्वर वंदना द्वारा वातावरण को आध्यात्मिक बनाया गया।

इस मौके पर विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें बैज एवं ध्वज प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नए कैबिनेट को जिम्मेदारियों का हस्तांतरण किया गया। मार्च-पास्ट एवं मुख्य अतिथि को सलामी ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

विद्यालय के प्रबंधक फादर शाजू ने अपने संबोधन में अनुशासन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र व्यक्तिगत व्यवहार, अध्ययन और आर्थिक जिम्मेदारियों में अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने पूर्व कैबिनेट एवं शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों से नए कैबिनेट के साथ सहयोग करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय कैबिनेट में हेड बॉय के रूप में मौहम्मद आतिफ तथा हेड गर्ल के रूप में माही अग्रवाल का चयन हुआ। सहायक हेड बॉय प्रणव गोयल एवं सहायक हेड गर्ल अक्षरा पंडित चुनी गईं। सांस्कृतिक कप्तान के रूप में एडिता थॉमस एवं अलंकृत गुप्ता, अनुशासन कप्तान के रूप में आयुष अग्रवाल एवं मालविका शर्मा, साहित्यिक कप्तान के रूप में अथर्व चौधरी एवं अक्षरा सिंह तथा खेल कप्तान के रूप में शिवांश भार्गव एवं हर्षिका राजपूत को जिम्मेदारी सौंपी गई। जनरल सेक्रेटरी के रूप में पुष्प सिंघल, जियाना धाडरवाल एवं जॉइंट सेक्रेटरी के रूप में शाश्वत सिंह, वैभव देशवाल, जारा खान एवं जाह्नवी चौधरी का चयन किया गया। बैंड लीडर्स के रूप में दिव्य तोमर एवं अवलीन कौर का चयन हुआ। वहीं अल्फोंसा हाउस के कैप्टन नमन् कुमार तथा वाइस-कैप्टन सार्थक बलियान एवं अग्रता रस्तोगी, कलाम हाउस के कैप्टन ग्रेसी सिंह तथा वाइस-कैप्टन ऐमन आसिफ एवं कर्तव्य तोमर, रानी मारिया हाउस के कैप्टन अभिनव तोमर तथा वाइस-कैप्टन स्पर्श राठी एवं आरात्रिका राणा, गांधी हाउस के कैप्टन धैर्य कुमार तथा वाइस-कैप्टन सान्वी अग्रवाल एवं उधर्व मलिक बनाए गए।

## गन्ने की कटाई के बाद गुलदार सक्रिय

**बिजनौर।** जनपद में गन्ने की कटाई के बाद गुलदार एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। ये गुलदार इंसानों और जानवरों पर हमला कर रहे हैं, जिसके बाद वन विभाग ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। विभाग ने जिले भर में 100 से अधिक पिंजरे लगाए हैं। बिजनौर में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है। गुलदार के हमलों में अब तक सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, जबकि 35 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। गन्ने की फसल कटने के बाद छिपने की जगह न मिलने के कारण गुलदार रिहायशी इलाकों में देखे जा रहे हैं। डीएफओ जय सिंह कुशवाहा ने बताया कि गन्ने की फसल कटने के बाद गुलदारों को छिपने की जगह नहीं मिल रही है। जहां भी गुलदार देखे जाने की सूचना मिलती है, वहां रेस्क्यू के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं। पकड़े गए गुलदारों को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जा रहा है।

वन विभाग की टीमें लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही हैं, जिसमें लोगों को गुलदार दिखने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करने की सलाह दी जा रही है।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं.- 32/26

**श्रीमती हुमा ऐजाज जैदी**

**बनाम आजम अब्बास जैदी**

श्रीमती हुमा ऐजाज जैदी उम्र 70 वर्ष पत्नी खुर्शीद मोहसिन जैदी एड. निवासी सिविल लाइन द्वितीय, मण्डावर रोड बिजनौर, परगना व जिला बिजनौर

**बनाम**

आजम अब्बास जैदी उम्र 51 वर्ष पुत्र स्व. हसन अब्बास जैदी निवासी सिविल लाइन द्वितीय, बिजनौर, परगना व जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा-चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 08/05/2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

**नियत दिनांक:- 08.05.2026**

**प्रबंधक**

**सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र टीकम सिंह व पुत्रवधू सोनम देवी गलत संगत में पड़कर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इनके गलत आचरण व व्यवहार से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार ने माह जुलाई वर्ष 2022 में ही टीकम सिंह व सोनम देवी से सम्बंध विच्छेद कर लिया था और मैंने इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इन दोनों की बेदखली की सूचना मैं डीएम बिजनौर को भी डाक से भेज चुका हूं। इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **अमर सिंह पुत्र ध्यान सिंह ग्राम पुरुषोत्तमपुर भगवान, थाना कोतवाली देहात, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद, जनपद बिजनौर

पत्रांक:-201/न.पा.परि. नजी./ई-निविदा/ 2026-27 दिनांक:- 21/04/2026

**-: अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि की धनराशि से जनपद में हुई दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलरों में विद्युत संबंधित दुर्घटना (करंट) की समस्या से बचाव के लिए वाटर कूलरों में अर्थिंग तथा सर्किट ब्रेकर डिवाइस लगाये जाने की दरें प्राप्त करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट https://etender.up.nic.in से दिनांक-23.04.2026 को सुबह 10.00 बजे से दिनांक-02.05.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, जो दिनांक-02.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाईन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी प्रकार की भूलवश टंकणीय / लिपिकीय त्रूटि के संशोधन के लिए उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे।

**( मुक्ता सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नजीबाबाद ( बिजनौर )**

**( इंजीनियर मुअज्जम )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**नजीबाबाद ( बिजनौर )**

# गुलदार ने युवक पर किया हमला

## सीने और गर्दन पर गहरे घाव के निशान, इलाज जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मजदूरी करने जा रहे युवक पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को इकट्ठा होता देख गुलदार भाग गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम नसीरदिवाला निवासी करण सिंह पुत्र ऋषिपाल आज सुबह घर से मजदूरी के लिए जा रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुए हमले से युवक अपना होश खो बैठा और उसने चीखना-चिल्लाना शुरु कर दिया। आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शोर मचाने पर किसी तरह गुलदार भाग निकला। ग्रामीणों ने तुरंत घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। गांव में इस घटना के बाद से दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही थीं, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं गुलदार के हमले से गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की।





### ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन

**शेरकोट।** घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर वन विभाग से जल्द से जल्द इलाके में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## विवेक के छात्र का टीसीएस में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा, प्रशिक्षण एवं उद्योग आधारित अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आदित्य ने अपनी मेहनत, लगन और कौशल के बल पर प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसलटेसीं सर्विसेज में चयनित होकर विश्वविद्यालय, शिक्षकों एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि विवेक विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षण गुणवत्ता, प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था और उद्योग से मजबूत संबंधों का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

प्रो. कुलाधिपति दीपक मित्तल ने कहा कि विवेक विश्व. विद्यालय के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और यह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है।



सीईओ अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक विकास पर बल देता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संचार कौशल और नेतृत्व गुणों के विकास के लिए भी निरंतर कार्यरत है।

कुलपति प्रो. एनके गुप्ता ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि आदित्य की यह सफलता यह दर्शाती है कि विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सशक्त हैं बल्कि व्यावसायिक कौशलों में भी अग्रणी हैं।

## महिला लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप, वीडियो वायरल

### मूर्ति स्थापना के नाम पर 10 हजार लेने का दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र से एक महिला लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप सामने आने से हड़कंप मच गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महिला को कथित रूप से पैसे लेते हुए देखा जा सकता है।

दावा किया जा रहा है कि वीडियो में दिखाई दे रही महिला धामपुर तहसील में तैनात लेखपाल प्रीति राजपूत है, जिसने अपने भाई के साथ मिलकर थाना धामपुर क्षेत्र के गांव सेढी में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना के नाम पर 10 हजार रुपए की रिश्वत ली। इस मामले के सामने आने के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी पद पर रहते हुए इस प्रकार की कथित रिश्वतखोरी न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि इससे आम जनता का विश्वास भी टूटता है। लोगों का कहना है कि यदि इस तरह के मामलों पर सख्ती नहीं बरती गई तो भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। इसके बावजूद मामला तूल पकड़ता जा रहा है और स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार मामला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ चुका है। धामपुर तहसीलदार धनराज कुमार ने बताया कि प्रकरण की जानकारी मिल गई है और पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस बीच ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

अब सबकी निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं, क्या जांच के बाद सच सामने आएगा और दोषियों पर कार्रवाई होगी, या यह मामला भी समय के साथ दब जाएगा?

## गेहूं की फसल जलकर राख

**स्योहारा।** 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन टूटकर खेत में गिर गई। इससे किसान की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई ।

ग्राम मलकपुर बुड़ेरन निवासी किसान सुधीर चंद त्यागी पुत्र आनंद स्वरूप के खेत के ऊपर से गुजर रही यह बिजली लाइन अचानक टूट गई। तार गिरते ही खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। मौके से गुजर रहे एक किसान ने तुरंत इसकी सूचना सुधीर चंद त्यागी को दी। सूचना मिलने पर सुधीर चंद त्यागी खेत पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग फैल चुकी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि लगभग 5 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई।

इस हादसे में किसान को लगभग 70 से 80 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति रोष देखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर लाइनों की समय पर मरम्मत नहीं की जाती, जिसके कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं।

## पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ और उप प्रधानाचार्य सय्यद बिलाल अकबर के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी के संरक्षण और महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में फिरोज अहमद, तय्यब हसन खां, सुलेमान सिद्दीकी, रिजवान बारी और मौहम्मद अय्यूब ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में बताया। शिक्षक काजी फिरोज अहमद ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि पृथ्वी हमारी जीवनदायिनी है। यही वह ग्रह है जहां हमें वायु, जल, भोजन और आश्रय मिलता है। लेकिन आज बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पृथ्वी का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि समय रहते हमने इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असुरक्षित और संकटग्रस्त वातावरण विरासत में मिलेगा। शिक्षक तैयब हसन ने पृथ्वी के संरक्षण का अर्थ बताते कहा कि यह प्राकृतिक संसाधनों का संतु. लित और जिम्मेदार उपयोग है हमें पेड़-पौधे लगाने, जल की बचत करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाने की आवश्यकता है। छोटे-छोटे प्रयास जैसे बिजली की बचत करना, कचरे को अलग-अलग करना और पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा देना, भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। रिजवान बारी हाशमी ने बच्चो को सम्बोधित करते कहा कि हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी केवल हमारी नहीं बल्कि सभी जीवों की साझा धरोहर है, जिसकी रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है। अंततः पृथ्वी का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व की आवश्यकता है। यदि हम आज सजग और संवेदनशील बनें तो ही हम एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर पृथ्वी का निर्माण कर सकते हैं।



इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक, कार्यालय स्टाफ में भी अपने सहभागिता की। कॉलेज के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद आजिफ फारूकी ने भी पृथ्वी दिवस पर अपने विचारों से बच्चों को अवगत कराया।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में खराब प्रदर्शन पर डीएम सख्त

## समाज कल्याण, लोनिवि व सीएमओ के खिलाफ शासन को रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैंकिंग की समीक्षा के उपरांत जनपद के कई विभागों के खराब प्रदर्शन पर सख्त नाराजगी की व्यक्त की गई। उन्होंने विकास कार्यों में शिथिलता बरतने और योजनाओं में पिछड़ने के कारण सीएम डैशबोर्ड पर बी, सी एवं डी रैंक प्राप्त होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि अपने कार्यों में सुधार लाएं अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड का अवलोकन करें और रैंकिंग कम पाए जाने पर समयपूर्वक विभागीय रैंकिंग मानक के अनुरूप सुधार लाने के लिए प्रयासरत हो जाए और यदि किसी स्तर पर उनकी आवश्यकता हो तो, जरूर संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग के प्रति पूरी तरह से सजग और गंभीर होकर कार्य करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरतें। इस मसैके पर सीडीओ रणविजय सिंह, डीएफओ जय सिंह कुशवाहा, उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों ने ग्रीन डे गतिविधि के अंतर्गत बेकार सामग्री जैसे प्लास्टिक बोतल, मिट्टी के कुल्हड़ एवं प्लास्टिक बॉक्स से बने गमलों में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि बेकार वस्तुओं का उपयोग कर हम पर्यावरण को सुरक्षित बना सकते हैं। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने जोशीले नारों के माध्यम से जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शीला टॉकीज, पुलिस चौकी तथा मुन्ना देवी मंदिर तक पहुंची। प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### प्रियंका में अलंकरण समारोह



**धामपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के दिन प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 41वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही सत्र 2026-27 में चयनित विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का अंलकरण समारोह भी प्रार्थना सभा में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। प्रियंका मॉडर्न में विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह में चयनित विद्यार्थियों के नामों की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस क्रम में कक्षा 12 के रूद्रांक्ष, हेड बॉय और जहान्वी अरोड़ा को हेड गर्ल का बैच प्रधानाचार्य डीएस नेगी द्वारा पहनाया गया। कक्षा-12 के विभिन्न वर्गों से अन्य विद्यार्थियों नमन वत्स (स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय), कनिष्का विश्नोई (स्पोर्ट्स कैप्टन-गर्ल), भविष्य (कल्चरल कैप्टा-बॉय), माज्योत कौर (कल्चरल कैप्टन गर्ल), आर्यन, (डिसीप्लीन कैप्टन बॉय), खुशी चौहान (डिसीप्लीन कैप्टन-गर्ल), अंश चौहान (अशोका हाउस कैप्टन बॉय), सौम्या सिंह (अशोका हाउस कैप्टन-गर्ल), उत्कर्ष चौधरी (महाराणा प्रताप हाउस कैप्टन बॉय), अविका राजपूत (महाराणा प्रताप हाउस कैप्टन-गर्ल, लक्ष्य चौहान (शिवाजी हाउस कैप्टन बॉय), आयसा अनस (शिवाजी हाउस कैप्टन गर्ल), कार्तिक चौहान (विक्रमादित्य हाउस कैप्टन-बॉय) और कनिष्का चौहान (विक्रमादित्य हाजत्न कैप्टन-गर्ल) आदि को सत्र 126-27 के पवाधिकारियों के रूप में प्रधानाचार्य द्वारा बैच पहनाकर अंलकरण समारोह में सम्मानित किया गया। राजीव चौहान, तबरेज खान, मंयक कौशिक, एसके देवरा, डीपी सिंह, विवेक चौहान, शुभम अग्रवाल, लवकुश राजपूत, मोहित चौहान, नवनीत, संजीव, सरिता, अनिल शर्मा और सतनाम आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

### प्रकृति से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल एवं किड्स पैराडाइज में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए सुंदर एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पृथ्वी दिवस के महत्व को प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक और भावपूर्ण नाटक ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित दर्शकों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रकृति से प्रेम करने और उसे सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से यह संदेश दिया कि पृथ्वी हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी को पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया गया। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा। बल्कि सभी के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत कर गया।

### पर्यावरण संरक्षण पर प्रतियोगिता



**चांदपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर एसपी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण व पृथ्वी संरक्षण पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दिन विद्यालय में कार्यक्रम हुए जिन्हें धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दूसरी ओर नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के छोटे बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इन नन्हे बच्चों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और इसकी रक्षा करना हम सबका परम कर्त्तव्य है। आज बच्चों ने जो उत्साह दिखाया है वह भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। स्कूल प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने भी सभी बच्चों की कला को खूब सराहा व प्रशंसा भी की और उन्हें आगे भी इसी प्रकार पौधारोपण करने के लिए शिक्षित किया।

## एक नजर

### शिक्षक सम्मान समारोह



**बिजनौर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन प्रयागराज द्वारा रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर से नोडल डा. आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में उपस्थित शिक्षक ललित शर्मा किरतपुर, पारुल चौधरी आंकू, मणि सिंह नूरपुर, ललित कुमार नजीबाबाद, गुलशन गुप्ता किरतपुर, शाहदिल नईम हल्दौर, अंकित कुमार कोतवाली आदि को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने शिक्षा एवं शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की निर्माण के नींव होते हैं। उनके द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने शासन स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अतुलनीय सहयोग करने के लिए सभी को बधाई दी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में अपने विद्यालय से अधिकतम चयन करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। बिजनौर से सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

### आरवीआईटी में पृथ्वी दिवस मनाया



**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विश्व पृथ्वी दिवस-2026 मनाया गया। संस्थान के प्रबंधक निदेशक सनी देशवाल, फार्मेसी निदेशक डा.हितेश कुमार, तकनीकि निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पौधा रोपण किया। साथ ही संकल्प लिया कि प्लास्टिक का उपयोग बंद करेगें। अपने आस-पास साफ-सफाई का ध्यान रखेगें और जल व ऊर्जा की बचत करगें। अधिक मात्र में पेड़ लगाकर पृथ्वी को प्रदुषण मुक्त बनाने में मदद करेगें।

### रोग रहित गन्ना प्रजाति बोने का सुझाव



**नांगल सोती।** अपर गन्ना आयुक्त डा. वीबी सिंह ने उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के कृषि फार्म और मिल गन्ना क्षेत्र चंदोंक, खुराहेड़ी, किशनपुर, कमराजपुर, बहादरपुर जट आदि गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना बुवाई लक्ष्य, रोग प्रतिरोधक किस्मों की समीक्षा, गन्ना क्षेत्र में गेहूं की कटाई के बाद गन्ना बुवाई लक्ष्य आदि पर किसानों के साथ चर्चा की, साथ ही सीओ 15023, सीओ 0118 प्रजाति के गन्ना बीज वितरण का निरीक्षण किया, किसानों को सिंगल बड़ और ट्रेंच विधि से गन्ना बोने की सलाह दी। रोग बेदक कीट की रोकथाम के लिए लाइट ट्रेप लगाने पर जोर दिया, लाइट ट्रेप के नीचे पानी में कुछ बूंदे कीटनाशक और डीजल की डालने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 कदापि नहीं बोने की अपील की। इस दौरान पीएन सिंह जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना समिति सचिव नजीबाबाद डा. विजय शुक्ल, ज्येष्ठ गन्ना गन्ना विकास निरीक्षक, संदीप कुमार,अपर गन्ना महा प्रबंधक कुलदीप सिंह, चांदवीर सिंह, सुनील कुमार, विकास कुमार, दिलेश्वर मिश्रा आदि गन्ना विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### कृष्णा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के बीए एलएलबी सप्तम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। लॉ विभाग के विभागध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीए एलएलबी सप्तम सेमेस्टर में नम्रता ने प्रथम, नामीरा मलिक ने द्वितीय तथा फरहीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविश्य की कामना करता है। कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहता है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर, सहायक प्रवक्ता विशाल विक्रम सिंह, डा. मौहम्मद अजहर खान, शिवकुमार सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, मीनू कोठारी, खुशबू रानी व दीपिका सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार




**नांगल सोती।** बीती दस अप्रैल को गांव तिसोतरा निवासी शुभम कुमार के घर पर कार सवार लोगों ने फायरिंग करके गांव में दहशत फैला दी थी। इस मामले में शुभम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एक मामले में बुधवार को पुलिस ने एक आरोपी अभिषेक पुत्र चमन निवासी चंदोक थाना नांगल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी के पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है।

# उद्योग व व्यापार बंधुओं की बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक में सभी बिंदुओ पर अनुपालन नहीं किया गया तो कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने प्रमुख ऐजेंडा बिन्दुओं की मुख्य विकास अधिकारी को जानकारी दी। जबकि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और विश्वकर्मा योजना के लक्ष्य के विषय में भी जानकारी लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर चर्चा की एवं लक्ष्य के विषय में जानकारी प्राप्त की विद्युत विभाग की समस्या को लेकर संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की समस्या का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिए। इसके अलावा व्यापार बंधु की बैठक में व्यापार बंधुओं ने अपनी समस्याओं को रखा जिसे लेकर सीडिओ ने निस्तारण करने के निर्देश दिए।



सम्भल। होमगार्ड भर्ती समीक्षा को बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

# दिन में झुलसाती धूप के बाद रात को भी नहीं राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मौसम लगातार ले रहा भयंकर करवट
- भीषण गर्मी का प्रचंड रूप जनमानस को कर रहा बेहाल
- आगामी मई माह में गर्मी के तेवर ओर भी भयावह होने की सम्भावना

**सम्भल।** मौसम ने अचानक करवट ले ली है। दिन में तेज धूप और झुलसाती गर्मी के बाद अब रातें भी राहत देने वाली नहीं रहीं हैं। जबकि मौसम विभाग लगातार लू को लेकर चेतावनी जारी कर रहा है। जिसके चलते जनमानस की परेशानी ओर भी अधिक बढ़ सकती है।

विगत माह कभी ठंड तो कभी गर्म से मौसम गुलाबी बना हुआ था। जबकि रात्रि में पंखे आदि बंद करके चादर तानकर सोने को मजबूर होना पड़ रहा था। लेकिन अप्रैल माह शुरू होते ही गर्मी का प्रचंड रूप सामने आता जा रहा है। जनपद में गर्म हवा ने जनमानस को बेहाल कर रखा है जबकि तापमान भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा पारा भी लगातार चढ़ता जा रहा है। हालत इतने भयावह होते जा रहे हैं कि दिन में गर्मी की मार झेलने वाले जनमानस को रात में मौसम के ठंडा होते ही राहत मिल रही थी लेकिन अब रात में भी राहत मिलना तो दूर प्रचंड गर्मी की मार झेलनी पड़ रहा है। रात में भी तापमान भी बढ़ रहा है। सम्भल समेत जिले भर में में रात अधिक गर्म महसूस हो रही है। रात को भी गर्मी अधिक होने से कमरे भी गर्म हैं जिससे नींद और सेहत दोनों प्रभावित होने लगी है। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि तेज गर्मी के बीच मौसम में बदलाव आयेगा। बारिश और अंधड़ होने से ठंडी हवा का आनंद मिल सकेगा। इसके अलावा यह भी माना जा रहा है कि आगे गर्मी ओर बढ़ेगी। इसी के साथ अप्रैल माह में जब गर्मी इतनी भयंकर है तो आगामी मई माह में गर्मी और तीखी होने क की सम्भावनायें हैं। जबकि तापमान भी ओर अधिक बढ़ सकता है। बहरहाल जिस तरह से मौसम के तेवर तीखे हैं ओर लू भी परेशान कर रही हैइससे लोगों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की जरूरत है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा की सुचिता को डीएम एसपी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के तत्वावधान में होमगार्ड्स के पदों पर होने वाली इनरोलमेंट भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। नकल विहीन और शांति पूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने को डीएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर समीक्षा की गई।

कलक्ट्रेट सभागार में 25, 26 एवं 27 अप्रैल को होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा दो पालियों प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक तथा अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे आयोजित की जायेंगे। इसे लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी)/नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा दस परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेंगी। परीक्षा आचार्य मुक्तेश हकीम रईस स.इ.का. सम्भल, बृज रत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज सम्भल, हिंद इंटर कॉलेज सम्भल, जवाहर लाल मैमो. न. पं. इंटर कालेज सिरसी सम्भल, महात्मा गांधी डिग्री कालेज सम्भल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सम्भल राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी, सम्भल, राजकीय महाविद्यालय हयात नगर सम्भल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सम्भल, जेड. यू. इंटर कॉलेज सराय तरीन सम्भल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक पाली में कुल 3648 परीक्षार्थी भाग लेंगे। प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा नोडल अधिकारी होंगे। जबकि अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सम्भल के कार्यालय पर स्थापित जनपदीय कंट्रोल रूम में नामित अधिकारी कर्मचारीगण,परीक्षा की तिथियां में समय से उपस्थित रहकर लगातार परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करते हुए सभी गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे। एवं कोई भी अनियमितता पता चलने पर संबंधित को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने लिखित परीक्षा सम्पन्न कराने को परीक्षा केंद्रों पर नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने

### दो पालियों में होगी भर्ती परीक्षा

बताया कि परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे परीक्षा डयूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी अपने पास पहचान हेतु परिचय पत्र आवश्यक रखेंगे। उन्होंने कहा कि महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मियों द्वारा एंक्लोजर में ही ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की चेकिंग अत्यंत सावधानी तथा गंभीरता से किया जाना ज़रूरी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। कंट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम अलग-अलग होंगे उन्होंने कहा कि मोबाइल का प्रयोग पूरे तरीके से परीक्षा केंद्र पर वर्जित रहेगा विभिन्न पदों पर कार्य करने वाले कर्मचारी मोबाइल नहीं रखेगा परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के बाहर डयूटी पर लगे हुए पुलिसकर्मी भी मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे। अगर संज्ञान में आता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्लॉक रूम कर्मचारी कक्ष निरीक्षक आदि के लिए अलग एवं परीक्षार्थियों के समान के लिए अलग से बनाया जाए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान दिया जाए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों के पास टेंट पेयजल, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ओआरएस एवं ग्लूकोस आदि की व्यवस्था भी परीक्षा केन्द्रों के पास रहने और आयरिश स्कैन एवं बायोमेट्रिक से संबंधित कार्मिक समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर अगर वाटर कूलर खराब हो तो उसको सही करा लिया जाए। परीक्षा कक्षों में पंखों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। अगर परीक्षा कक्ष में पंखे खराब है तो उनको समय से सही करा लिया जाए परीक्षा कक्ष में प्रकाश की उचित व्यवस्था रहे तथा जनरेटर भी परीक्षा केंद्र पर हो यह भी सुनिश्चित किया जाए तथा शौचालय भी साफ स्वच्छ रहें तथा परीक्षा केन्द्रों पर सफाई व्यवस्था उचित रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। एसपी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को गंभीरता से लें परीक्षा को सुचितापूर्ण तथा शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाए।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने संग्रहित किए नमूने

### शादी कार्यक्रम में खाने से बिगड़ गई थी हालत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शादी समारोह में पहुंचे आगंतुकों के खाना खाने से स्वास्थ्य खराब होने की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और खाद्य पदार्थ के अवशेषों से नमूने संग्रहित किए।

खंड विकास पंवासा क्षेत्र के ग्राम जुगेन्द्र पुत्र देवकीनन्दन निवासी ग्राम मिलक मजरा शोभापुर थाना-केला देवी के यहां शादी समारोह का आयोजन किया था। शादी समारोह में आगंतुकों ने लौकी की लौंज, रसगुल्ला, रसमलाई का सेवन किया था। जिससे उनकी हालत बिगड़ गयी थी। इसकी सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंची। टीम को मौके पर मौजूद मिले जुगेन्द्र ने बताया कि शादी में आये आगंतुकों जिनमें अधिकांश ने लौकी की लौज, रसगुल्ला व रसमलाई का सेवन किया था। विभागीय टीम मौके पर अवशेष खाद्य पदार्थ लौकी की लौंज, रसमलाई, रसगुल्ला का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया। जुगेन्द्र ने बताया गया कि उनके द्वारा शादी समारोह के लिए मिष्ठान धीमर रोड, बहजोई स्थित इन्द्रपाल की दुकान से खरीदे थे। जिस पर विभागीय टीम ने धीमर रोड, बहजोई स्थित मिष्ठान निर्माणशाला खाद्य कारोबारकर्ता इन्द्रपाल पुत्र देवेन्द्र निवासी-ग्राम पृथ्वीपुर, थाना कैलादेवी, की मौजूदगी में निरीक्षण किया। मौके पर प्रतिष्ठान में मानव उपभोग एवं सार्वजनिक विक्रय वास्ते भण्डारित खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, रसगुल्ला एवं रसमलाई के विधिक नमूने संग्रहित कर जाँच को प्रयोगशाला भेजे गए। नमूनों की जाँच रिपोर्ट मिलने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा मौके पर उपर्युक्त मिष्ठान निर्माणशाला का खाद्य पंजीकरण/लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर खाद्य प्रतिष्ठान को पूर्णत: बन्द करने एवं खाद्य पंजीकरण/लाइसेंस लेकर ही खाद्य कारोबार के संचालन किये जाने को निर्देशित किया। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व में रामजीत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी,राजेश कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अशोक कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं राहुल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

# गुन्नौर में स्थापित होगा ग्रामीण उद्यमिता विकास केन्द्र: डा. हरीश यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारत सरकार के सिविल सेवा के अधिकारी डा. हरीश यादव अपने निजी प्रयासों से गुन्नौर क्षेत्र में ग्रामीण उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित करने के प्रयास करेंगे।



यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। युवाओं को सही राह दिखाना और जागरूक करना आज की आवश्यकता है। पहले चरण में न्योरा गांव को उद्यमी गांव के रूप में विकसित किया जायेगा। डा. यादव, जो अपने क्षेत्र और जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं, इन्होने ग्रामीणों, किसानों और युवाओं के हितों को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में यह नया केंद्र स्थानीय युवाओं और किसानों को कृषि के साथ-साथ अन्य व्यवसायों और उद्यानिकी गतिविधियों की ओर प्रेरित करेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। इस प्रस्तावित ग्रामीण उद्यमिता विकास केंद्र का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना, उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करना तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। इसके संचालन को एक विशेषज्ञ समिति गठित की जाएगी, जिसमें विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल होंगे, ताकि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण परामर्श और सहयोग मिल सके। डा. हरीश यादव ने कहा कि गांवों को सशक्त बनाने के लिए किसानों और युवाओं को मजबूत करना आवश्यक है। आज समय की मांग है कि युवा केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाले बनें। गुन्नौर क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें विकसित किया जा सकता है। यह पहल जनपद में अपने प्रकार का पहला प्रयास है, जिससे स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। इस घोषणा से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिकों, जिनमें श्रीपाल सिंह, शिशकांत, वीरपाल सिंह और विक्रम सिंह शामिल हैं, ने इस पहल का स्वागत करते हुए डा. यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# 26 अप्रैल को सजेगा बाबा श्याम का पांडाल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले बाबा खाटू श्याम के 22 वें भव्य संकीर्तन एवं वार्षिक उत्सव की तैयारी को लेकर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुज गर्ग ने की। बैठक में बाबा श्याम के 22 वें संकीर्तन के आयोजन को बड़े स्तर पर भव्यता प्रदान करने के लिए विचारं विमर्श किया गया। बैठक में श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के सचिव प्रशांत रुहेला ने सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंप गई और बाबा श्याम के सम्भल में सजने वाले दरबार की तैयारी को लेकर श्याम सेवकों से विचार विमर्श किया। वही बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन स्थल पर प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारियां दी गई। बाबा श्याम के पूरे पंडाल को फूलों से सजाने लिए रणनीति तैयार की गई। इसी के साथ और साथ ही तय किया गया कि इस बार बाबा श्याम के दरबार के से साथ ही कीर्तन स्थल का पूरा पंडाल श्री श्याम दरबार इत्र की खुशबू से महकेगा जिसके लिए राजस्थान स्थित खाटू श्याम से ष्श्री श्याम दरबार इत्र मंगाए जा रहे है। श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट की बैठक में समिति के प्रमुख विशेष गुप्ता,प्रशांत रुहेला, विशाल रुहेला, अंकित भटनागर, विनीत रुहेला, विजय चंद्र,कमल गुप्ता, निखिल गुप्ता सागर चंद्र हिमांशु गुप्ता शशांक अग्रवाल,अतुल अग्रवाल एवं अभिनव माथुर आदि उपस्थित रहे। वहीं बैठक में सभी सदस्यों ने आयोजन को भव्यता अनुशासन और श्रृद्धा के साथ धूमधाम से संपन्न कराये जाने का संकल्प लिया।साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि संकीर्तन के दौरान भतों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है जिससे कि वातावरण और भी आध्यात्मिक एवं उत्साहपूर्ण बना रहे।

## एक नज़र इधर भी

# रज़ा एकेडमी ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की विलादत के पावन अवसर पर रजा एकेडमी के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर सबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एकेडमी के कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने भाग लिया तथा लोगों को शर्बत पिलाकर इंसानियत, भाईचारे और मोहब्बत का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित तंजीम उलामाऐ अहले सुन्नत सम्भल के महासचिव मौलाना फैजान अशरफ हामिदी ने कहा कि पैगम्बर हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए रहनुमा हैं, जो हमें आपसी प्रेम, सहिष्णुता और सेवा का पाठ पढ़ाती हैं। रजा एकेडमी के चैयरमेन अल्हाज सईद नूरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विलादत के मौके पर इस तरह की सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं, ताकि समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा दिया जा सके। राहगीरों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुफ्ती फरीदुज्जमां, मौलाना बुरहान अशरफ, मौ आरिफ रिजवी, यूसुफ पठान, रशीद शेख, अल्ताफ मुल्तानी, सिराज कपाडिया, फिरोज दुर्रानी, अमजद रजा, वाजिद नूरी आदि लोग मौजूद रहे।



सम्भल- श्रीकल्कि मंदिर में कल्कि सेना के स्थापना दिवस पर भजन करते।

# भगवान कल्कि के भजनों से माहौल हुआ भक्तिमय

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** श्री कल्कि सेना निष्कलंक के 33 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दूसरे दिन भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर, कोट पूर्वी में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री कल्कि के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। धर्मिक कार्यक्रम के दौरान दिल्ली से आये भजन गायक मनोज पांडे ने भजन 'कल्कि नाम रस मीठा है गाके देख ले' और 'ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन' की प्रस्तुति दी, जिसे श्रवण कर सभी कल्कि भक्त झूम उठे। जबकि अन्य भजन गायकों ने भी अपनी भगवान श्री कल्कि के भजन की प्रस्तुतियों ने मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। इस अवसर पर संगठन के 'संरक्षक पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए 33 वर्ष का समय एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) वह संगठन है जो निरंतर 33 वर्षों से भगवान श्री कल्कि जी की अलख व सनातन धर्म की पताका समस्त विश्व में फैला रहा है। संगठन द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संगठन के 'राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज का सहयोग, प्रेम और भगवान श्री कल्कि के आशीर्वाद से हमारा संगठन निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इसके लिए हम सदैव समाज के कृतज्ञ रहेंगे। हमें गर्व होना चाहिए कि हम प्रदेश के उन विशिष्ट संगठनों में से एक हैं, जो सीमित संसाधनों के बीच बाहरी चमक-दमक से दूर रहकर सतत धर्म , समाज व राष्ट्र के निर्माण के लिए निस्वार्थ भाव से निरंतर कार्य कर रहे है।

# गोशाला के निरीक्षण में चोकर पेकिंग में नहीं थी एक्सपायरी डेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अस्थायी गौशाला का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश दिए।

विकासखंड रजपुरा की ग्राम पंचायत में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल भिरावटी का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट को इस दौरान अस्थाई गौ आश्रय स्थल में 442 गोवंश मौके पर संरक्षित पाए गए। इसके अलावा गौशाला में संरक्षित सभी गोवंशों को भूसा पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा था, जबकि हरा चारा नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा चोकर उपलब्ध था लेकिन उस पैकिंग पर मैन्युफैक्चर डेट व एक्सपायरी डेट नहीं पाई गई। सीडिओ ने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चोकर अच्छी क्वालिटी का ही खिलाए, जिसमें मैन्यफैक्चर डेट वह एक्सपायरी डेट दर्शीयी गई हो, तथा इसके साथ साथ सभी केयरटेकर को गौशाला में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने और गर्मी का मौसम है पानी की होद को रोजाना साफ करने के उपरांत ही ताजा पानी भरने व उसमें चूना भी डाला जाने को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय महेश पाल सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी भिरावटी एवं मुरारी लाल ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) ग्राम पंचायत भिरावटी मौके पर उपस्थित मिले।

# गर्मी में बासी व बचे हुए खाने का न करें सेवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीषण गर्मी का कहर से अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। चिकित्सकों ने चेतावनी के साथ और बचाव के खास उपायों की जानकारी दी। सीएमएस डा. राजेन्द्र सैनी के अनुसार, गर्मी में सबसे बड़ा खतरा खराब और बासी खाने से होता है। तापमान बढ़ने के कारण खाना जल्दी खराब हो जाता है, जिससे पेट संबंधी संक्रमण और उल्टी व दस्त के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होने कहा कि गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और इसका सीधा असर लोगों केंप स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।उन्होने बताया कि इन दिनों हीट वेव (लू) से जुड़ी बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। रोजाना 50-60 मरीज पेट खराब, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होने कहा कि कटे हुए फल या लंबे समय से रखा भोजन न खाएं।

# गांवों में साफ-सफाई दुरूस्त रखने के निर्देश

### कराए गए विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर ब्लाक में बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बैठक के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव और खंड विकास अधिकारी कमल कांत ने ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों के मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त



बबराला- गुन्नौर ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की बैठक में चर्चा करते।

रखी जाए अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसी गांव के मुख्य रास्तों पर कूड़ा पाया गया तो संबंधित पंचायत सचिव के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। सभी ग्राम पंचायतों को नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया ताकि ग्रामीणों को बेहतर वातावरण मिल सके और बीमारियों पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार उर्फ पप्पू यादव यादराम यादव विजय सिंह प्रधान दयाशंकर सहित कई ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समन्वय स्थापित कर करायें आवेदनों का निस्तारण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बैंको की समीक्षा बैठक में बैकों से समन्वय स्थापित कर आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अधयक्षता में बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएलसीसी जिला स्तरीय परामर्शी समिति बैंक संबंधित योजनाएं/श्रृण योजनाएं, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सीसीएल राष्ट्रीय शहरी, आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि, कृषि/उद्यान से संबंधित श्रृण योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जबकि लक्ष्य के सापेक्ष मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य करने की निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से प्राप्त आवेदनों के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जो आवेदन संबंधित योजना से संबंधात प्राप्त हुए हैं उनको प्राथमिकता पर संज्ञान में लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए संबंधात विभागों से प्राप्त आवेदनों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधन केनरा बैंक ललित राय, जीएसटी विभाग के अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित समस्त बैंकर्स सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्याकुंज स्कूल में मनाया अर्थडे

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर स्थित विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में आज अर्थडे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधाक अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल बच्चों को अर्थडे के बारे में अवगत कराया। जबकि सर्वप्रथम कक्षा प्ले से लेकर आठ के बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधो लाकर लगाएं। मीनल अशोक ने अर्थ डे पर सभी को प्रतिज्ञा दिलवाई। जिसमें कक्षा 5 के श्रुति संध्या, अंजलि ,हिमांशु, अफजल ,अभिनय, श्रृषभ समर अली, प्राची, अंजलि ने अर्थ डे पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों को अर्थ डे क्यों मनाते हैं,इसके मनाने का क्या कारण है। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी ओर बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा उनके कार्यक्रम की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विनीता अग्रवाल, सोनल शर्मा, मीनल अशोक, मीनाक्षी मिनोचा, रीता कमल, सीमा सिसोदिया ,श्वेता गुप्ता, अंजली, शबनाज, वर्तिका, समीक्षा नेहा, कुमकुम ,अपूर्वा, अमित इत्यादि उपस्थित रहे।



बबराला- विद्याकुंज में अर्थडे मनाते स्कूली बच्चे।

# गंगा जी का अवतरण है गंगा सप्तमी

### राजघाट गंगाघाट पर कार्यक्रम व भंडारों का आयोजन

**बबराल ( अनिरूद्ध शर्मा )।** गंगा सप्तमी देवी गंगा की पूजा का एक पवित्र अवसर है, जिन्हें पवित्रता, आशीर्वाद और समृद्धि लाने वाली देवी माना जाता है। इस दिन, भक्त देवी गंगा का सम्मान करने, उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने और अपने मन और शरीर को शुद्ध करने के लिए विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। गंगाघाट राजघाट पर मेला लगता है और भंडारे व अन्य कार्यक्रम होते हैं।

माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के पुरोहित सत्यम मिश्रा ने बताया कि गंगा सप्तमी (वैशाख शुक्ल सप्तमी) माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरण या पुनर्जन्म का पावन पर्व है, जो आज मनाई जाएगी। इस दिन गंगा स्नान, दान और पूजा करने से पापों से मुक्ति, मोक्ष और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह दिन भगीरथ द्वारा गंगा को पृथ्वी पर लाने और शिव द्वारा उन्हें जटाओं में धारण करने की मान्यता से जुड़ा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन मां गंगा का पुनर्जन्म हुआ था और वे भगवान विष्णु के चरणों से निकलकर भगवान शिव की जटाओं में समाहित हुई थीं। इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। गंगाघाट राजघाट पर गंगा सप्तमी पर अनेक भव्य कार्यक्रम होते हैं। लोग यहां आकर भंडारे करते हैं। गंगा जी की भव्य आरती होती है। गंगा जन कल्याण समिति अध्यक्ष अतुल गोयल ने बताया कि गंगा सप्तमी की तैयारी पूर्ण कर ली है।भव्य रूप से आरती होगी और भंडारा होगा।

# वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना बबराला पुलिस टीम ने वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेतृत्व में थाना बबराला पुलिस टीम द्वारा थाना बबराला पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम में बब्लू पुत्र ओमवीर निवासी ग्राम मीरमपुर थाना बबराला को रेलवे स्टेशन तिराहा रोड तिराहा बबराला से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 50 पव्वे देशी शराब गोल्डन पंच मार्का बरामद हुए।

# सिटी अस्पताल में बच्ची की मौत पर हंगामा

## अस्पताल में तोड़फोड़ व मारपीट से मचा अफरातफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जारई रोड स्थित सिटी अस्पताल में बुधवार को एक किशोरी की मौत के बाद जमकर हंगामा, तोड़फोड़ और मारपीट की घटना सामने आई। हंगामे के दौरान अस्पताल के गेट व खिड़कियों के शीशे टूटकर बिखर गए और दवाइयां इधर-उधर फैल गईं। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि अस्पताल में भर्ती मरीज भी डर के मारे वहां से भाग खड़े हुए। घटना के बाद आसपास स्थित अन्य निजी अस्पतालों ने भी एहतियातन अपने संस्थान बंद कर दिए, कुछ ने तो अपने बोर्ड तक हटा दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, औरछी निवासी खेलेन्द्र अपनी 13 वर्षीय बेटी मोना की तबीयत बिगड़ने पर उसे जारई रोड स्थित सिटी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन उपचार के दौरान बच्ची की हालत और बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। वहीं अस्पताल पक्ष का कहना है कि मरीज की हालत पहले से ही गंभीर थी और उन्होंने भर्ती करने से मना किया था। बच्ची की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, जिसमें कई लोग घायल हो गए। बताया गया कि मृतका के भाई के हाथ में चोट आई, जबकि डॉक्टर के भाई को भी डंडा लगने से चोट पहुंची। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए कुछ अस्पताल कर्मियों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। वहीं पुलिस द्वारा मौत के कारणों की स्पष्ट जानक. ारी के लिए पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे।

समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात. चीत चल रही थी। घटना ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की व्यवस्थाओं और निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


बेटी की मौत पर विलाप करते परिजन।




# हाईस्कूल में 97% अंक लाने पर रमन सक्सेना सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मेधावी छात्र रमन सक्सेना ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, नगर और समाज का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें मोमेंटो व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा ही समाज की वास्तविक पूंजी है। ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना है।

ताकि वे आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सामा. जिक जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। मन सक्सेना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष परमानंद सक्सेना ने छात्र को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं आशीष भटनागर एडवोकेट ने केक खिलाकर प्रोत्साहित किया। संजय सक्सेना ने भी उपहार देकर छात्र का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में अशोक माथुर, मनोज सक्सेना, प्रदीप बर्मा, तिलक राज चांदना, शिवेन्द्र सक्सेना, विशाल सक्सेना, विकास सक्सेना, गौरव सक्सेना, आशीष सक्सेना और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान रमन के दादाजी अजय सक्सेना, पिता अमित सक्सेना और माता प्रभा सक्सेना को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### पृथ्वी दिवस पर द मिल्लत स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



**कांठ ( शाह टाइम्स )** द मिल्लत स्कूल, कांठ में बुधवार को पृथ्वी दिवस 2026 उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। इस दौरान पृथ्वी संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण बचाने, जल संरक्षण करने तथा स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाने से जुड़े प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस विषय पर आकर्षक पोस्टर एवं मॉडल भी तैयार किए, जिन्हें सभी ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने, पेड़ लगाने और प्रदूषण कम करने की शपथ ली। विद्यालय परिसर में पूरे दिन पर्यावरण संरक्षण को लेकर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

### हावर्ड कान्वेंट में अर्थ डे पर विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में अर्थ डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती नीतू चौधरी और शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई एवं उप प्रधानाचार्य सलभ माथुर द्वारा समस्त शिक्षकों के साथ पौधरोपण करके किया गया। पृथ्वी संरक्षण दिवस पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पृथ्वी संरक्षण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली गई और विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पृथ्वी बचाओ, वातावरण स्वच्छ बनाओ, एवं जल संरक्षण करने हेतु विभिन्न प्रकार जैसे पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने पृथ्वी संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रकृति द्वारा पृथ्वी हमें दिया गया नि शुल्क उपहार हैं। इसलिए हमें अपने पर्यावरण एवं अपनी पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए साथ ही हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्लास्टिक जैसी वस्तुओं से परहेज करना चाहिए इसके साथ-साथ हमें जल संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि हमारी पृथ्वी हरी भरी रह सके। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### आज हो सकता है हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 23 अप्रैल को सायं 04:00 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय, प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट व्ब्ल्यू. यूपीएमएसपी.एडु.इन तथा डिजिलॉकर ( डिजिलॉकर ) की वेबसाइट एचटीटीपीएस:// रिजल्ट्स. डिजिलॉकर. गोव. इन/पर देखा जा सकता है। पिछले वर्ष परिणाम 25 अप्रैल को जारी किया गया था। इस वर्ष 10वीं और इंटर की परीक्षाएं 12 मार्च को हो गई थी। हाईस्कूल की परीक्षा में करीब 26 लाख और इंटरमीडिएट में लगभग 24.50 लाख परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से 4 अप्रैल तक पूरा करा लिया गया था।

# टीएमयू सीओई में अर्थ वीक का शंखनाद, इंजीनियर्स की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महा वीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई में रिसर्च हाइट्स फाउंडेशन- आरएचएफ के सहयोग से भारत पर्यावरण कार्यक्रम- भारत सस्टेनेबल कैंपस मिशन 2026 के अंतर्गत पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान हुआ। इसी के साथ 29 अप्रैल तक चलने वाले अर्थ वीक का मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग शंखनाद हो गया। अर्थ वीक का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवम् वर्तमान समय में जिम्मेदार जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में डॉ. अलका वर्मा, डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. शुभेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. आशीष सिमल्टी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। इससे पूर्व कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रवि जैन ने अर्थ वीक की थीम रखी।मुख्य वक्ता के तौर पर श्री गौरव जायसवाल ने सतत भविष्य के निर्माण में इंजीनियरों और छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए हरित अवसंरचना, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को अपनाने जैसे व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है, यह पहल विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजीएस की प्राप्ति में अर्थ वीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। दूसरी ओर एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने उम्मीद जताई, अर्थ वीक इंजी. नियरिंग के स्टुडेंट्स, रिसर्चर्स और फैकल्टीज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वक्ताओं ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा, प्रदूषण को कम करने और सतत प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक अभियान बताया। उन्होंने यह भी कहा, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट कम करना एवम् वृक्षारोपण जैसे छोटे-छोटे व्यक्तिगत प्रयास मिलकर पर्यावरण पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। सत्र के दौरान छात्रों को सतत विकास संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जागरूक आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में श्री अरुण कुमार पिपर्सेनिया, श्रीमती निकिता जैन, श्री अंकित वार्ष्णेय, श्री राहुल विश्नोई, श्री केबी आनंद, श्री उमेश कुमार सिंह, डॉ. पवन कुमार, डॉ. इंदु त्रिपाठी, श्री अरुण गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।





# जनगणना प्रशिक्षण के तीन दिवसीय बैच का समापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** 22 मई से शुरू हो रही जनगणना के लिए बुधवार को तीन दिवसीय दूसरे बैच का समापन हो गयास जनगणना का कार्य सत्य निष्ठा के साथ करने की शपथ दिलाई गईस प्रगणकों का प्रशिक्षण नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 20 अप्रैल को शुरू हुआ था । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता( शिक्षा शास्त्र ) प्रवेश कुमार ने बताया कि जनगणना कार्मिकों को प्रथम चरण मकान सूचीकरण एव मकान गणना करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जनगणना कामिकों आंवटित एच० एल०बी० का ले आउट मैप तैयार करने एव भवन तथा मकान गणना करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गयास सभी जनगणना कार्मिको को हेलो ऐप के माध्यम से गणना के लिए हैन्डस ऑन प्रेक्टिस कराई गई जिससे कार्य को पूर्ण गुणवत्ता से किया जा सकेस प्रगणकों को डिजिटल ऐप हेलो पर कुल 34 प्रश्नों के उत्तरों को घर-घर सम्पर्क करते हुए गुणवत्ता एव सटीकता से डाटा को पूरा करने की प्रैक्टिस कराई गई सप्रशिक्षण में सभी प्रगणकों को नजरी नक्शा बनाने का भी अभ्यास कराया गया।मकान सूचीकरण एवं मकान गणना को तकनीकी सभी प्रशिक्षण सामग्री से परिचित कराते हुए चर्चा की गई। सभी प्रगणकों को जनगणना कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रतिज्ञा कराते हुए कार्य को पूर्ण ईमानदारी, सत्यनिष्ठा से करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण में उदयवीर सिंह, वंदना बिश्नोई, बदर जहां, विजेंद्र बिश्नोई, रूमा सलीम, मोनिका बिश्नोई, शबनम परवीन, रितु बिश्नोई आदि ने प्रतिभाग किया।



## संत निरंकारी मिशन 24 अप्रैल को सत्संग भवन कांठ में लगवाएगा रक्तदान शिविर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में 'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को श्रद्धा, समर्पण और प्रेममय वातावरण में आयोजित संत निरंकारी सत्संग भवन ब्रांच कांठ में किया जाएगा, जो संपूर्ण मानव जाति को एकत्व, सेवा और सद्भाव का अमूल्य संद. ेश प्रदान करेगा। बताया गया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में दिल्ली के बुराड़ी स्थित सरोवर के सम्मुख ग्राउंड नं. 2 में एक भव्य एवं दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जहाँ श्रद्धालु भक्त प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिकता के अद्वितीय संगम का अनुभव करेंगे। यह पावन अवसर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का उत्सव होगा, जो प्रत्येक हृदय को ईश्वरीय एकत्व के अनुभव से जोड़ते हुए आंत. रिक शांति और संतोष की अनुभूति कराएगा।इसके साथ ही देश-विदेश की विभिन्न शाखाओं में भी श्रद्धालु भक्त एकत्रित होकर इस दिव्य सत्संग को गहन आत्मिक भाव से साकार करेंगे। इस पावन संगम के माध्यम से हर हृदय प्रेम, शांति और भाईचारे के प्रकाश से आलोकित होगा तथा मानवता की एकसूत्रता का संदेश विश्वभर में प्रसारित होगा। कार्यक्रम के आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से इस पावन अवसर पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।




# टीएमयू लीडरशिप टॉक में टीडीएक्स स्पीकर सोनल गोयल ने दिए सफलता के तमाम टिप्स

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की लीडरशिप टॉक सीरीज के 19वें सत्र में फ्रॉम प्रीप्रेशन टू पर्पज: लाइफ लेशंस फ्रॉम द सिविल सर्विस जर्नी में त्रिपुरा सरकार में सचिव, प्रख्यात लेखिका और टीडीएक्स स्पीकर आईएएस सोनल गोयल बोलीं, सफलता के लिए स्टुडेंट्स अपनाएं 5सी- क्लैरिटी, करेज, कंविक्शन, कंसिस्टेंसी और कंपैशन फॉर्मूला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** त्रिपुरा सरकार में सचिव, प्रख्यात लेखिका और टीडीएक्स स्पीकर आईएएस सोनल गोयल ने कहा, जीवन में असफलता से डरने की नहीं, बल्कि उसे स्वीकार करते हुए सीखने की जरूरत है। अक्नॉलेजमेंट और एनालिसिस के जरिए व्यक्ति अपनी गलतियों को समझ सकता है और उन्हें सुधार सकता है। असफलता को विकास का साधन बताते हुए बोलीं, जब तक आप खुद हार नहीं मानते, कोई आपको हरा नहीं सकता। उन्होंने स्टुडेंट्स को सफलता के लिए 5सी फॉर्मूला- क्लैरिटी, करेज, कंविक्शन, कंसिस्टेंसी और कंपैशन को अपनाने की सलाह दी। आईएएस गोयल बोल. ीं, जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि वह समाज की जरूरतों और अपेक्षाओं से भी जुड़ा होना चाहिए। लक्ष्य की स्पष्टता के साथ निरंतर प्रयास और मजबूत आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। आईएएस सोनल गोयल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की लीडरशिप टॉक सीरीज के 19वें सत्र में फ्रॉम प्रीप्रेशन टू पर्पज: लाइफ लेशंस फ्रॉम द सिविल सर्विस जर्नी पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थीं। इससे पूर्व आईएएस सोनल गोयल, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, प्रो. सुशील कुमार, डॉ. अलका अग्रवाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में टॉक सीरीज का शंखनाद किया। प्रख्यात लेखिका एवम् आईएएस सोनल गोयल ने अपने अनुभव साझा करते हुए त्रिपुरा में दूरदराज के इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी विस्तार से बताए। सीमित संसाधनों के बावजूद सहयोग और स्पष्ट उद्देश्य से सकारात्मक बदलाव संभव है। महिला सशक्तिकरण पर कहा, आज भी महिलाओं की राह आसान नहीं है। स्टुडेंट्स को सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का संतुलित उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा, इनका इस्तेमाल सहायक उपकरण के रूप में करें, न कि पूरी तरह निर्भर हो जाएं। समय प्रबंधन, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्लेषण और अनुशासन को सफलता का आधार बताते हुए उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें समाज सेवा से जोड़ने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा, छोटा लक्ष्य रखना एक अपराध है। लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा, जीवन को जिस नजरिए से हम लेते हैं, वही हमें लौटकर मिलता है। अगर हम जिंदगी को गंभीरता से लेंगे, तो जिंदगी भी हमें गंभीरता से लेगी, और अगर हम इसे हल्के में लेंगे, तो परिणाम भी वैसा ही होगा। उन्होंने बताया, किताबों से ज्ञान तो मिलता है, लेकिन व्यावहारिक समझ नहीं मिलती। यह सत्र स्टुडेंट्स के लिए वास्तविक जीवन के मार्गदर्शन जैसा है। टॉक सीरीज में टिमिट, लॉ कॉलेज, फिजिकल एजुकेशन और फाइन आर्ट्स कॉलेज के स्टुडेंट्स आदि मौजूद रहे। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने किया।





**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र फैसल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फैसल के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **इरफान पुत्र मुखतार अली निवासी बिनावाला थाना मूँडापांडे तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद यूसुफ व पुत्रवधू श्रीमती शाहीन पत्नी मोहम्मद रफी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मोहम्मद यूसुफ पुत्र अली जान व श्रीमती रिहाना पत्नी मोहम्मद यूसुफ निवासी मोहब्बतपुर भगवंतपुर, थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर 8077534933

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मौ० रजा एवं उसकी पत्नियां श्रीमती रिहाना व श्रीमति मिस्बाह को गलत आचरण/गलत संगत व अमानवीय व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्यगण, पुत्रगण अरशद अली, शाहिद रजा, मौ० कमर, अख्तर रजा एवं पुत्रीगण, श्रीमती रजिया, श्रीमती कनीज फातमा, नगमा, उक्त मौ० रजा के किसी भी कृत्यो/लेनदेन के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। मौ० यासीन पुत्र मौ० हनीफ व श्रीमती साबरी पत्नी मौ० यासीन निवासी गण मौहल्ला तारिकनगर, धीमरी करूला, थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद। मोबाइल नं0 9152468644

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र हंसराज उर्फ शुभम व पुत्रवधू श्रीमति कीर्ति पासी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगे। भूपाल सिंह पुत्र नारायण सिंह व श्रीमति प्रेमपाल पत्नी श्री भूपाल सिंह निवासीगण महबुल्लागंज थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद, हाल निवासी कुंडेश्वरी काशीपुर निकट एस्कॉर्ट फार्म हाऊस जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड।

# सेवानिवृत्त पंचायत सचिव ने उठाया आत्मघाती कदम

## लाइसेंसी राइफल से मारी स्वयं को गोली


मृतक का फाइल फोटो।

**चन्दौसी।** आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जो समाज के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। सामान्यत: यह माना जाता है कि वृद्ध व्यक्ति जीवन के उतार-चढ़ाव का अनुभव रखने के कारण हर परिस्थिति का सामना करने में सक्षम होते हैं, लेकिन जब इसी आयु वर्ग का कोई व्यक्ति आत्मघाती कदम उठा लेता है, तो


विलाप करते परिजन।

यह कई सवाल खड़े कर देता है। बुधवार को शहर के वैष्णो बिहार कॉलोनी फेज-2 में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 65 वर्षीय सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सालिगराम सविता ने अपनी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वह अपने परिवार के साथ सामान्य और खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे, जिससे यह घटना और भी चौंकाने वाली बन गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सालिगराम सविता पुत्र रामचंद्र मूल रूप से थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव हवीबपुर के निवासी थे और वर्तमान में वैष्णो विहार कॉलोनी चन्दौसी में रह रहे थे। उन्होंने विकासखंड बनियाखेड़ा में पंचायत सचिव के पद पर कार्य किया था और कुछ वर्ष पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली थी। परिवार में पत्नी सहित उनके तीन बच्चे हैं, जिनकी शादी अभी होनी है। परिजनों के अनुसार, वह अक्सर बाइक से गांव और शहर में घूमते रहते थे और किसी प्रकार के तनाव में दिखाई नहीं देते थे। हालांकि लगभग एक माह पूर्व उनके भाई का निधन हुआ था। घटना वाले दिन 22 अप्रैल 2026, बुधवार को सुबह लगभग 10:45 बजे वह अपने कमरे में गए और भतीजे को मोबाइल दिलाने की बात कॉल पर कही थी। इतने में ही अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन दौड़े, लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। जब दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए। कमरे में खून फैला हुआ था और पास में लाइसेंसी राइफल पड़ी थी तथा भेजा उड़ा हुआ था।

सूचना मिलने पर सीओ डॉ. प्रदीप कुमार, एसएसआई एवं अपराध निरीक्षक विनीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए और राइफल को कब्जे में लेकर सील कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, जिससे यह घटना कई अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गई है।

## शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ निवासी युवक प्रमोद पुत्र रामौतार फूलमाली का शव बुधवार को गांव रीठ पहुंचा तो घर में शव को देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ लग गई और हर किसी की आंखें नम हो गई। 19 वर्षीय प्रमोद की मध्य प्रदेश के उर्द में टेंट का कार्य करते समय बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। बुधवार को प्रमोद का शव गांव पहुंचा। युवक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं: अंकुर कुमार

**ठाकुरद्वारा।** नवोदय विद्यालय कालेवाला, मुरादाबाद में बुधवार को जनपद स्तरीय प्रेरणा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ठाकुरद्वारा के प्रबंधक अंकुर कुमार उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनपद से एक छात्र और एक छात्रा का चयन कर उन्हें गुजरात के वडनगर स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में जनपद मुरादाबाद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि अंकुर कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें अपने कौशल को विभिन्न माध्यमों के जरिए अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य संतोष गौड ने भी अपने संबोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं उपप्राचार्य अजय कुमार ने मुख्य अतिथि, प्रतिभागी छात्रों, आगंतुक शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभारी शिक्षिका नेहा मिश्रा एवं संजीव यादव का विशेष योगदान रहा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर अब्दुलवारी विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/ग्रा.पं./निविदा/2026-27 दिनांक: 22.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत शाहपुर अब्दुलवारी विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 29.04.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.04.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत शाहपुर अब्दुलवारी के मौजा अधमपुर में सोमपाल के घर से फरमान के आटा मिल तक मिट्टी भराव, नाली एवं सीसी टाईल्स इन्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 80X4 मी0 | 299488/- | 5990/- | 200/- | 3 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत शाहपुर अब्दुलवारी**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**


# महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन कर किया पुतला दहन, विपक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**मुरादाबाद।** देश की संसद में महिला आरक्षण बिल पास न होने को लेकर नाराज महिलाओं ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने "महिलाओं से गद्दारी", "महिला आरक्षण पर गंदी राजनीति" और "नारी सम्मान की झूठी कहानी, कांग्रेस की आदत पुरानी" जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। इसके साथ ही "कांग्रेस का हाथ, नारी शक्ति के खिलाफ, जनता नहीं करेगी माफ" जैसे संदेश लिखे पोस्टर भी प्रदर्शनकारियों के हाथों में नजर आए।महिलाओं का कहना था कि महिला आरक्षण बिल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



था, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते इस अहम मुद्दे को नजरअंदाज किया, जो कि देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है।इस मौके पर विजय लक्ष्मी पंडित, महानगर अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए यह बिल बेहद जरूरी था, लेकिन विपक्ष ने इसे रोककर अपनी मानसिकता को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं इस "गद्दारी" को कभी नहीं भूलेंगी और आने वाले चुनावों में इसका जवाब देंगी।

वहीं अल्पना गुप्ता, महानगर संयोजिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं और अपने अधिकारों के लिए खुलकर आवाज उठा रही हैं।प्रदर्शन के अंत में महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि महिला हितों की अनदेखी जारी रही, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# डंपर चालक ने सीएनजी टेंपो को रौदा, दुर्घटना में टेंपो चालक सहित दो की मौके पर मौत, आधा दर्जन घायल

**ठाकुरद्वारा।** तेज रफ्तार डंपर चालक ने ठाकुरद्वारा मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर सामने से आ रहे सीएनजी टेंपो में जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में टेंपो ट्रक के बंपर में फस जाने से करीब 200 मीटर दूरी तक घी सटता चला गया। टेंपो में बैठी सवारियां सड़क पर घायल अवस्था में बिखर गई। रहागीरों में बाइकस का पीछा किया तब ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। उधर से गुजर रहे सपा विधायक के काफिले ने घटना को मौके पर देखा जिस पर तत्काल सपा विधायक नवाब जान खाने इसकी सूचना पुलिस में एंबुलेंस को दी। घायलों की चीखें पुकार सुन आसपास के लोगों ने घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को टेंपो से निकाला। जिसमें टेंपो चालक वह एक अज्ञात महिला की मौके पर मौतहो गई। शेष 6 घायलों को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए उत्तराखंड स्थित काशीपुर निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जबरदस्त दुर्घटना होने पर दोनों सीटों में वाहनों की लंबी कतारें लग गई जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करनापड़ा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। घटना बुधवार दोपहर लगभग 4.30 के आसपास की हैथाना तिलरी के गांव मानपुर निवासी 45वर्षीय गुल हसन पुत्रसुलेमान सीएनजी टेंपो चलाकर अपने घर परिवार का पोषण करताहै। 4.30 की लगभग ठाकुरद्वारा मुरादाबाद हाईवे मार्केट पर असलेमपुर चौराहे के निकट ठाकुरद्वारा की दिशा की ओर से जा रहे डंपर चालक ने सामने से सीएनजी टेंपो में जबरदस्त टक्कर मार दी और अपने साथ खींच कर ले गया उसमें बैठी सवारियां गंभीर घायल अवस्था में सड़क पर बिखर गई। जिसमें टेंपो चालक गुल हसन की मौके पर मौत हो गई जिसमें एक महिला की भी मौत हो गई तत्काल दोनों को उपचार के लिए ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृतक घोषित कर दिया। घटना के समाचार भेजे जाने के समय तक महिला की पहचान नहीं हो सकी। टेंपो में राजपुर केसरिया निवासी अंशिका पुत्री बाबूलाल वह उसकी बड़ी बहन सपना पत्नी शहर राजपुर केसरिया से टेंपो में बैठकर ठाकुरद्वारा किसी काम के लिए आ रहीथी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी घटना में फौलादपुर निवासी शाहीन जहां पत्नी अबरार 8 वर्षीय नेहा पुत्री अबरार, सरकडा करीम निवासी 65 वर्षीय कृपाल सिंह पुत्र छत्तरा सिंह, 60 वर्षीय सानिया पत्नी कृपाल सिंह उपच. रके लिए उत्तराखंड के काशीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। सपा विधायक नवाब जान खां ने अस्पताल में पहुंचकर मृतक के परिजनों को सात्वना दी।

## स्योड़ारा में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम स्योड़ारा में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप उर्फ नन्हे पुत्र रमेश, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी ग्राम स्योड़ारा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे के कुंडे में रस्सी डालकर फांसी लगा ली। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम हेतु मुरादाबाद भेज दिया। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# संतुलित उर्वरक, संतुलित सेहत व सहफसली खेती के फायदे

**ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।** कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा द्वारा मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकास खंड छजलैट के ग्राम शेरपुर और संदल. पुर में च्संतुलित उर्वरक उपयोग एवं सहफसली खेतीछ विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और संतुलित उर्वरक के उपयोग तथा गन्ने में सहफसली जैसे विभिन्न पहलुओं पर जानक. ारी प्राप्त की। इस मौके पर बोलते हुए, केंद्र के पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को गन्ने में सहफसली एवं वर्तमान समय में गन्ने में तना छेदक एवं चोटी बेधक कीट की पहचान के लिए लाइट ट्रैप तथा फेरोमेन ट्रैप के बारे में जानकारी दी एवं उसकी



रोकथाम के बारे में सुझाव दिए साथ ही रसायनों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि फसलों को केवल यूरिया (नाइट्रोजन) की ही नहीं, बल्कि फास्फोरस, पोटाश और सूक्ष्म पोषक तत्वों की भी आवश्यकता होती है। मृदा जांच के बाद ही उर्वरक का प्रयोग करें। उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक ने बताया उद्यान की फसलों में संतुलित उर्वरक प्रबन्धन पर जानकारी दी। इस मौके पर गन्ना समिति के डायरेक्टर गौरव कुमार ने केंद्र के इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की तथा किसानों को गन्ने में संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में किसानों को जागरूक किया। वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। किसानों को सलाह दी गई कि वे रसायनों के विकल्प के तौर पर वर्मीकम्पोस्ट और हरी खाद को प्राथमिकता दें। इस अभियान में सुरेंद्र सिंह, दर्श पाल सिंह, टेकचंद सिंह,रोहित कुमार, नरेंद्र शर्मा आदि लगभग 48 किसानों ने प्रतिभाग किया। पुष्पराज यादव, संदीप कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# पृथ्वी दिवस पर स्कूल में संगोष्ठी, छात्र-छात्राओं ने पौधों की सफाई कर संरक्षण का लिया संकल्प

**कुंदरकी।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को कुंदरकी स्थित स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं ने लगे पेड़-पौधों की साफ-सफाई की, उन्हें पानी दिया तथा पौधों का संरक्षण करने का



संकल्प लिया।

स्कूल की प्रधान अध्यापिका सोफिया हाफिज ने पृथ्वी दिवस पर बोलते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जो प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को संपूर्ण दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। उस समय से अब तक 192 से अधिक देशों में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाना है। पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को सचेत करना, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा, वनीकरण और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।इस अवसर पर प्रबंधक देवेश भूषण, अनीता शर्मा, अर्चना, अदीबा, शाजली, तौसीफ वारसी, बुशरा और छात्रों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने की शपथ ली।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

LIC पॉलिसी में मेरा नाम जहाँगीर खां पुत्र हा.जाकिर हुसैन है। जबकि आधार कार्ड में मेरा सही नाम जहाँगीर खां पुत्र साबिर हुसैन है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना जाए। पता- निवासी ग्राम सिकन्दराबाद,तहसील कांठ, जनपद मुरादाबाद।


## गांधी स्मारक महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण का आयोजन

**सुरजननगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गाँधी स्मारक महाविद्यालय, सुरजन. नगर-जयनगर में उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित करके किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में वृक्षारोपण ही भविष्य को सुरक्षित रखने का एकमात्र विकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर रोहित कुमार सिंह, रवि सैनी, राफिया, जय सिंह, रितिका, उज्ज्वल और दर्शन सिंह सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## एक नजर

## भाकियू टिकैत ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी चन्दौसी को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन युवा मंडल उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित ठाकुर के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में किसानों ने क्षेत्र में बढ़ते आवारा पशुओं के आतंक पर चिंता जताई। कहा कि ये पशु फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। प्रशासन से इन्हें तत्काल गौशालाओं में भिजवाने की मांग की गई। दूसरी प्रमुख मांग स्मार्ट मीटर को लेकर रही। किसानों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल कई गुना बढ़ गए हैं और नेटवर्क समस्या के कारण सही रीडिंग नहीं हो पा रही है। पुराने मीटर से बिलिंग या खामियां दूर करने की मांग की गई। तीसरी समस्या शादी समारोह में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर उठाई गई। यूनियन ने प्रशासन से मांग की कि शादी के लिए 4-5 अतिरिक्त सिलेंडर उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की जाए।

## मुरादाबाद में आप की नई जिला कार्यकारिणी घोषित, संगठन को मिलेगा नया बल

**मुरादाबाद।** जनपद में आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी जिला इकाई का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। यह घोषणा 22 अप्रैल को नगर पंचायत पाकबड़ा चेयरमैन एवं आप जिलाध्यक्ष मोहम्मद याकूब द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से की गई। पार्टी के अनुसार यह नियुक्तियां राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश तथा प्रांतीय अध्यक्ष ईजी मोहम्मद हैदर की संस्तुति पर की गई हैं।घोषित सूची के अनुसार शिव कुमार राय को जिला महासचिव बनाया गया है, जबकि महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी त्रिलोचन चंद्र दिवाकर (एडवोकेट) को सौंपी गई है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के रूप में अजय कुमार को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मास्टर बदरूल, अनिल कुमार बिंडसाई, मास्टर दयाराम और सुशील सागर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है।जिला सचिव पद पर पुष्पेंद्र सिंह, रियासत चौधरी, शाने आलम चौधरी, डॉ. निलेश सेन और इब्राहीम को जिम्मेदारी दी गई है। जरीफ अहमद को जिला कोषाध्यक्ष तथा मोहम्मद दानिश मलिक को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा स्तर पर भी संगठन को मजबूत करते हुए कांठ से शफीक अहमद मुतवली और बिलारी से रशा दरोगा जी को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है।जिलाध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने कहा कि नई टीम संगठन को मजबूती प्रदान करेगी और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने और पूरी निष्ठा के साथ काम करने की अपील की। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आगामी दिनों में संगठन की गति. विधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पिंक चौकी में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक, एक मामले में हुआ समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को पिंक चौकी, चन्दौसी में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने काउंसलरों के सहयोग से दोनों पक्षों की बात सुनकर उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस दौरान कुल 20 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से एक परिवार का आपसी सहमति से समझौता कराया गया। वहीं 7 पत्रावलियां आवेदकों द्वारा रुचि न लेने या अन्य कारणों से बंद कर दी गई। बैठक में काउंसलर श्वेता गुप्ता, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह एवं होमगार्ड करुणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा पारिवारिक विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## भू-अलंकरण दिवस पर साई बाल विद्या मंदिर में रंगोली कार्यक्रम आयोजित

**चन्दौसी।** बुधवार को श्रीसाई बाल विद्या मंदिर शास्त्री नगर में भू-अलंकरण दिवस के अवसर पर संस्कार भारती के तत्वाधान में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापिकाओं ने मिलकर आकर्षक और मनमोहक रंगोली बनाई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रंगों के माध्यम से उन्होंने अपनी सृजनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। अध्यापिकाओं ने भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर रामकिशोर मिश्र, रविन्द्र सक्सैना, विनोद विश्वकर्मा, रमेशचन्द्र बोहरा, लता सहाय, बबिता आदि उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और ऐसे आयोजनों को संस्कार एवं कला के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## आज जारी होगा यूपी बोर्ड का रिजल्ट शाम चार बजे घोषित होंगे नतीजे

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) आज हाईस्कूल (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 का परिणाम जारी करेगा। बोर्ड द्वारा रिजल्ट शाम 04 बजे घोषित किया जाएगा। परिणाम को लेकर छात्रों और अभिभावकों में उत्सुकता चरम पर है और लाखों परीक्षार्थी अपने नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बोर्ड के अनुसार, छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रोल नंबर दर्ज कर परिणाम देख सकेंगे। शिक्षकों ने छात्रों से अपील की है कि वे परिणाम को लेकर धैर्य बनाए रखें और सकारात्मक सोच रखें। वहीं अभिभावकों से भी बच्चों का हौसला बढ़ाने की अपील की गई है, ताकि वे आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर सही निर्णय ले सकें।

## आज चार घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**ठाकुरद्वारा।** विद्युत विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बिजनेस प्लान योजना 2024-25 (पार्ट-2) के तहत 33के. केवी विद्युत उपकेंद्र दारापुर (2x5 एमवीए) से संबंधित 33 केवी लाइन के निर्माण कार्य के लिए ठाकुरद्वारा टाउन लाइन का प्लान शटडाउन लिया जाएगा। इस कारण 33 केवी ठाकुरद्वारा टाउन से पोषित सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 23 अप्रैल 2026 आज दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समयावधि के दौरान होने वाले विद्युत व्यवधान को देखते हुए आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें तथा सहयोग बनाए रखें।

# RR ने LSG को 160 रन का टारगेट दिया

### जडेजा ने 43 रन बनाएय पहले ओवर में बडोनी शून्य पर रनआउट हुए



**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 43 रन रवींद्र जडेजा ने बनाए। 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल सके और सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया।

वहीं, गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, मो. हसिन खान और प्रिंस यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके। इससे पहले वैभव ने चौका लगाकर आईपीएल में 227 गेंदों पर 500 रन पूरे किए। वे लीग में सबसे कम गेंदों पर यह कारनामा करने वाले बैटर बने। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकार्ड तोड़ा। रसेल ने 244 गेंदों पर अपने पहले 500 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा ने अंतिम ओवर में 3 बाउंड्री लगाई। मयंक यादव के ओवर में जडेजा ने 4, 2, 4, 2, 2 और आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर कुल 20 रन बटोर लिए। आखिरी गेंद पर जडेजा ने फाइन लेग के ऊपर पुल शाट खेलकर छक्का जड़ा और टीम का स्कोर 159/6 तक पहुंचा दिया। 19वें ओवर में प्रिंस यादव की बाल पर इम्पैक्ट प्लेयर शुभम दुबे ने दो चौका लगाया। इस ओवर में कुल 12 रन बने। प्रिंस यादव ने 16 वें ओवर में डोनोवन फरेरा को पवेलियन भेजा। आफ साइड के बाहर धीमी और शार्ट गेंद पर फरेरा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। थर्ड मैन पर खड़े मोहसिन खान ने पीछे की ओर कदम लेते हुए शानदार कैच लपका। अंपायर्स ने कैच की जांच भी की, लेकिन रिप्ले में साफ हुआ कि उनका पैर बाउंड्री रोप से नहीं लगा था।

इस तरह फरेरा 19 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने स्क्वेयर लेग की ओर खेलकर एक रन लिया। इसके बाद दूसरे रन के लिए बड़ी गलतफहमी देखने को मिली। जडेजा ने पहले रन के लिए काल किया, फिर अपने साथी डोनोवन फरेरा को वापस भेज दिया, जो आधे रास्ते तक पहुंच चुके थे। डीप से निकोलस पूरन का थ्रो काफी खराब रहा, जिसके बाद ;षभ पंत ने गेंद पकड़कर बेल्स उड़ाई, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठे। इस बीच फरेरा ने डाइव लगाकर क्रीज में वापसी कर ली। 15वें ओवर में मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने लॉन्ग-ऑन की बाईं ओर शाट लगाकर 2 रन पूरे किए। इसी के साथ राजस्थान की टीम ने अपने 100 रन भी पूरे कर लिए। 13वें ओवर में मोहम्मद शमी की गेंद पर डोनोवन फरेरा को जीवनदान मिला।

लेग साइड पर फुल गेंद को फरेरा ने डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग की ओर खेला, जहां मयंक यादव ने कैच का गलत अंदा. जा लगा लिया। मयंक आगे की ओर दौड़े, जबकि गेंद उनके ऊपर से निकल गई और बाउंड्री पार कर गई। इस गलती से शमी काफी निराश दिखे। दिग्वेश राठी ने 12वें ओवर में शानदार कंट्रोल दिखाते हुए बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पूरे ओवर में सिर्फ 3 रन ही आए। रवींद्र जडेजा और डोनोवन फरेरा स्ट्राइक रोटेट करने की कोशिश जरूर करते रहे, लेकिन बड़े शाट का मौका नहीं मिल पाया।

## आतिशी शतक लगाकर अभिषेक ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**हैदराबाद, वार्ता।** अभोिक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर करते हुए 68 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाकर ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है।

यह उनका नौवां टी-20 शतक, उन्हें इस सीजन सात पारियों में 323 रन बना लिए। अभिोक से तीन रन पीछे हाइनरिक क्लासन ऑरेंज कैप टेबल में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए अभिोक के साथ 32 गेंदों में 66 रन की साझेदारी की। तीसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल हैं, जिनके पांच पारियों में 265 रन हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी हैं। इस मामले में शीर्ा दस में इशान किशन (एसआरएच), रजत पाटीदार (आरसीबी), कूपर कॉनॉली, यशस्वी जायसवाल और प्रियांश आर्या शामिल हैं। पर्पल कैप की बात की जाए तो इस पर अभी चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज का कब्जा है। वहीं इशान मलिगा ने टी-20 क्रिकेट में अपना तीसरा 4-विकेट हॉल लिया और इससे वह इस आईपीएल सीजन में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उनके अब 12 विकेट हैं, जबकि जीटी के प्रसिद्ध कृणा के भी 12 विकेट हैं। पर्पल कैप अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज के पास है, जिनके नाम 13 विकेट हैं।

### खेल विशेष

#### वीनस विलियम्स को लगातार 10वीं हार का सामना करना पड़ा

**मैड्रिड, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक वीनस विलियम्स को मैड्रिड ओपन में कैटलिन क्वेवेडो के हाथों 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही उन्होंने अपना लगातार 10वां सिगल्स मैच गंवा दिया। 45 वर्ीय विलियम्स 1975 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से लगातार 10 मैच हारने वाली पहली पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बन गई हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में वाशिगटन ओपन में अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स को हराकर कोई मैच जीता था। विलियम्स ने 2000 और 2008 के बीच पांच बार विबलडन जीता और दो बार यूएस ओपन भी अपने नाम किया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम में सबसे ज्यादा बार हिस्सा लेने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम है, इस साल का ऑस्ट्रेलियन ओपन उनका 95वां टूर्नामेंट था।

#### श्रीलंका महिला टीम ने बंगलादेश को चार विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** चामरी अटापट्टू (तीन विकेट और 40 रन), हर्षिता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शो रहते चार विकेट से हरा दिया। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 -5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली। सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20) रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शो बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिए।

#### मेजबान भारत, बंगलादेश और मालदीव के साथ एक ही ग्रुप में

**नई दिल्ली, वार्ता।** बंगलाद. ेश के ढाका में सैफ सचिवालय में हुए ड्रॉ के बाद, भारतीय महिला राट्रीय टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप बी में बंगलादेश और मालदीव के साथ रखा गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई से 6 जून, 2026 तक गोवा के मडगांव में आयोजित किया जाएगा। ग्रुप ए में नेपाल, श्रीलंका और भूटान शामिल हैं। हर ग्रुप से शीर्ा दो टीमें सेमी-फाइनल में जगह बनाएंगी। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के सभी मैचों का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। यह दूसरी बार होगा जब भारत सैफ महिला चैंपियनशिप की मेजबानी करेगाद्ध इससे पहले 2016 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित संस्करण में 'ब्लू टाइग्रेस' ने अपना चौथा खिताब जीता था। यह दूसरी बार होगा जब गोवा किसी सैफ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

## टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद नवाज की जांच चल रही है: पीसीबी



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि मोहम्मद नवाज के मादक पदार्थ सेवन की टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटीव आने के बाद इस मामले में जांच चल रही है। पीसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के नतीजे आज आईसीसी को बता दिए जाएंगे। मोहम्मद नवाज आईसीसी की एंटी-डोपिग प्रक्रिया के दायरे में है।

उनका टेस्ट एक 'रिक्रिएशनल ड्रग' (नशे वाली दवा) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव आया है। इसके कारण इंग्लैंड में होने वाले टी-20 ब्लास्ट के लिए सरे टीम में शामिल होने का नवाज का करार टूट गया है। नवाज ने पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 मैच खेले हैं। उल्लेखनीय है कि यह पॉजिटिव नतीजा इस साल की शुरुआत में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान किए गए टेस्ट से आया है। 32 साल के नवाज ने श्रीलंका में पाकिस्तान के सभी सात मैचों में हिस्सा लिया था, जहां टीम सुपर-8 स्टेज से बाहर हो गई थी, इन मैचों में उन्होंने 15 रन बनाए और सात विकेट लिए। नवाज ने सरे के साथ करार करने पर सहमति जताई थी, और उन्हें पूरे ब्लास्ट टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहना था, जो 26 मई से 18 जुलाई तक चलेगा। पीसीबी ने दो हफ्ते पहले घोणा की थी कि नवाज को ब्लास्ट के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया गया है, और सरे ने इस हफ्ते उनके टीम में शामिल होने की घोणा करने की योजना बनाई थी।

## मुम्बई बनाम चेन्नई के ब्लॉकबस्टर मुकाबले में धोनी व जैक्स की वापसी तय



**मुंबई, वार्ता।** महेंद्र सिंह धोनी और विल जैक्स गुरुवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बड़े मुक. ाबले के लिए वापसी करने को तैयार दिख रहे हैं।

कल होने वाले मुकाबले धोनी की मौजूदगी संघर्ा कर रही सीएसके टीम के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। 44 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने मंगलवार को वानखेड़े में अभ्यास किया। उन्होंने करीब आधे घंटे तक विकेटकीपिग की और फिर 30 मिनट तक बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी का अभ्यास किया। प्री-सीजन शिविर के दौरान पिडली में खिचाव से उबर रहे धोनी में किसी भी तरह की परेशानी के कोई लक्षण नहीं दिखे और वह मैच के लिए पूरी तरह तैयार नजर आए। सीएसके इस समय अंक तालिका में आठवें स्थान पर है, उसने छह मैचों में से केवल दो मैच जीते हैं, ऐसे में धोनी की वापसी टीम के बल्लेबाजी क्रम को बहुत जरूरी स्थिरता और अनुभव दे सकती है। वहीं मुम्बई इंडियंस (एमआईल) की बात जाए जैक्स के लंबे समय से इंतजार हो रहे आगमन से टीम में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने 2026 टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था और चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता था। पहले छह मैच न खेल पाने के बाद वह अब टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने सोमवार शाम को वानखेड़े में ट्रेनिग की और मंगलवार को रात की रोशनी में होने वाले सेशन के लिए भी लौटे, जहां उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों के साथ काफी समय बिताया। जैक्स के टीम में शामिल होने से एमआई का संतुलन मजबूत हो गया है।

## मुंबई-चेन्नई मुकाबले से पहले धोनी का तूफान



**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े की रोशन रोशनी में, मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स का मुक. ाबला एक बार फिर इतिहास, प्रतिद्वंद्विता और भावनाओं के भारी बोझ के साथ आ रहा है। लेकिन इस बार, यह मुकाबला लीग सीजन का एक आम अध्याय कम, और दो अलग-अलग युगों की टक्कर ज्यादा लग रहा है, जो बिल्कुल हमारी आंखों के सामने हो रही है।

इन सबके केंद्र में हैं महेंद्र सिंह धोनी। उनके शामिल होने की जरा सी भी चर्चा ने ही इस मुक. ाबले के इर्द-गिर्द की पूरी बातचीत का रुख बदल दिया है। लंबे समय तक बैटिंग प्रैक्टिस और विकेटकीपिग ड्रिल की खबरों ने इस उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। चाहे यह सिर्फ एक प्रतीकात्मक मौजूदगी हो, कोई रणनीतिक फैसला हो, या सीजन के आखिर में एक छोटी सी झलक हो, धोनी की मौजूदगी हमेशा एक अलग ही स्तर पर काम करती है, आंकड़ों से परे, टीम में चुने जाने की बहसों से परे, और लगभग समय से भी परे। ऐसे मुकाबलों में, वह अब सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं रह जाते, वह भावनाओं का वह केंद्र बन जाते हैं, जिसके इर्द-गिर्द सारी उम्मीदें घूमती हैं। लेकिन चेन्नई के लिए, क्रिकेट की असलियत कहीं ज्यादा मुश्किल है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, टॉप ऑर्डर में बार-बार नाकाम होने से एक गहरी चिंता सामने आ रही है, टूर्नामेंट के इस अहम पड़ाव पर सीएसके लगातार बैटिंग की लय बनाने में नाकाम साबित हो रही है। मुद्दा सिर्फ 'फॉर्म' का नहीं, बल्कि 'फ्लो' (बहाव) का है। एक ऐसी टीम जो पारंपरिक रूप से स्थिरता पर टिकी रही है, अब दबाव में आकर अच्छी साझेदारियों, गति और स्पटता की तलाश में भटक रही है। चोटों और टीम में चुने जाने को लेकर बनी अनिश्चितता ने इस उथल-पुथल को और भी बढ़ा दिया है, जिसकी वजह से टीम में लगातार फेरबदल और नए-नए प्रयोग करने पड़ रहे हैं। दूसरी तरफ, मुंबई इंडियंस इस सीजन के एक अहम पड़ाव पर आकर अपनी पुरानी प्रतिस्पर्धी पहचान को फिर से हासिल करने लगी है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनका पिछला मुकाबला सिर्फ एक जीत ही नहीं थी, बल्कि यह उनके इरादों का एक जोरदार ऐलान था। तिलक वर्मा ने एक यादगार पारी खेली, शुरुआत में लय पाने के लिए संघर्ा करने के बावजूद, उन्होंने जबरदस्त नियंत्रण और इरादे के साथ खेलते हुए एक शानदार शतक जड़ा। उनकी इस पारी ने मैच का रुख पूरी तरह से बदल दिया, एमआई की धीमी और संभली हुई शुरुआत को एक ऐसे विशाल स्कोर में बदल दिया, जिससे विरोधी टीम फिर कभी उबर नहीं पाई। गेंदबा. जी में, अश्विनी कुमार ने एक ऐसी शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसने मुकाबले को पूरी तरह से एमआई के पक्ष में झुका दिया। उनके चार विकेटों के झटके ने गुजरात के बैटिंग ऑर्डर की कमर तोड़ दी, उन्होंने मैच के अहम पड़ावों पर साझेदारियों को तोड़ा और एमआई की एक बड़ी जीत पक्की कर दी। यह शानदार तालमेल - एक अनुभवी बल्लेबाज का आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाना और एक युवा गेंदबाज का दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करना-मुंबई की टीम में एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास भर गया है। जसप्रीत बुमराह ने भी अपना दबदबा फिर से बनाना शुरू कर दिया है, उन्होंने उस बॉलिग यूनिट में फिर से कंट्रोल और अनुशासन ला दिया है, जो तब सबसे अच्छा प्रदर्शन करती है जब लय और सटीकता का मेल होता है। तो, जो मुकाबला सामने आता है, वह कई परतों वाला है।

## बंगलादेश को हराकर श्रीलंका की महिला टीम ने सीरीज में बराबरी की

**राजशाही, वार्ता।** कप्तान चामरी अटापट्टू (तीन विकेट और 40 रन), हर्षिता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शो रहते चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

चामरी अटापट्टू को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 -5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली।

सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20), रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शो बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिए। मल्की मदारा, निमाशा मीपेज और इनोका राणावीरा को दो-दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बललेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 38-2 ओवरों में विकेट छह पर 166 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम लिया।

## अभिषेक का रन आउट और कैच छोड़ना भारी पड़ा: अक्षर पटेल



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार से निराश नजर आ रहे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि अभिोक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा - अगर हमने उसे पकड़ लिया होता, तो हम उन्हें रोक सकते थे। सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा के 68 गेंदों पर 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को 47 से करारी शिकस्त दे दी।

अभिोक को 49 रन पर एक लाइफलाइन मिली जब विकेटकीपर के एल राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर कैच टपकाकर जीवनदान दिया। अक्षर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लेकिन हां, अगर कोई इतनी अच्छी बैटिंग करता है, और उनके एग्जीक्यूशन में कोई कमी नहीं है, तो ऐसे परफॉर्मेंस का क्रेडिट मिलना चाहिए। क्लासेन ने भी जिस तरह से दूसरी तरफ से बैटिंग की, उसे देखते हुए यह बॉलर की गलती नहीं है। जब कोई बैट्समैन इस तरह बैटिंग करता है, तो कोच और कैप्टन को यह मानना होगा कि कैप्टन भी किसी को नहीं रोक सकता। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा। कप्तान ने कहा कि फील्डिंग एरिया तुम्हारे हाथ में है। कैचिंग और रन-आउट - ए तुम कर सकते हो। और तुम्हें पता है, ऐसे समय में बॉलर को सपोर्ट करना बहुत जरूरी होता है।

## खुद को सिर्फ दो ओवर देने के लिए फिंच ने की अक्षर की कड़ी आलोचना

**हैदराबाद, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के पास आईपीएल में सबसे मजबूत स्पिन-बॉलिग जोड़ियों में से एक जोड़ी है, जहां उनके कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव साथ खेलते हैं।

एक डिफेंस करने में एक्सपर्ट है, जबकि दूसरा ऐसा रिस्ट स्पिनर है, जिसे बल्लेबाज हमेशा हाथ से पढ़ नहीं पाते। फिर भी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ हार में दोनों ने मिलकर सिर्फ चार ओवर डाले। आरोन फिंच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में कहा कि हम सब सिर खुजा रहे हैं, है ना? आपके दो भारतीय प्रीमियर स्पिनर कप्तान अक्षर पटेल (2-0-23-1) और कुलदीप यादव (2-0-30-0) दोनों ने मिलकर सिर्फ चार ओवर डाले, जबकि पार्ट-टाइम ऑफ स्पिनर नितीश राणा ने चार ओवर डाले। मेरे लिए इसका कोई मतलब नहीं बनता। राणा, जो डीसी के पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे, एसआरएच के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करने आए। आईपीएल में उनके 122 मैचों में यह 27वीं बार था,

जब उन्होंने गेंदबाजी की और सिर्फ दूसरी बार उन्होंने अपना पूरा कोटा डाला। डीसी की टीम साफ तौर पर ऐसे गेंदबाज को चाहती थी, जो गति कम करे और अभिोक शर्मा व ट्रैविस हेड से गेंद दूर टर्न कराए। डीसी के प्रमुख स्पिनर गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए अंदर की तरफ लाते हैं, और जब एक बल्लेबाज (अभिोक शर्मा) पूरी पारी खेल रहा था, तो अक्षर को मौके पर सोचकर फैसले लेने पड़े। फिंच ने डीसी की मुश्किल को समझा, लेकिन अपनी बात रखने से भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि यह आपके कप्तान, आपके सीनियर खिलाड़ी, आपके रिटेन खिलाड़ी और आपके सबसे अच्छे भारतीय गेंदबाज की जिम्मेदारी है। वह भारतीय टीम के मुख्य गेंदबा. जों में से एक हैं, यह छोटी बात नहीं है। वह दो बार विश्व कप जीत चुके हैं। तो अगर वह दबाव में खुद पर भरोसा नहीं करते और बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ खुद को बचाने की को. शिश करते हैं, तो यह उनके रवैए के बारे में ज्यादा बताता है।

इसलिए मुझे लगता है कि हम यहीं बेहतर कर सकते थे।

(आगे होने वाले संभावित बदलावों पर) नहीं, अभी ऐसा नहीं लग रहा है, क्योंकि जिस तरह का क्रिकेट चल रहा है - अगर तुम देखो,

तो जाहिर है हम अच्छी बैटिंग और अच्छी बॉलिग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जब विकेट इतना अच्छा हो, तो इसे खराब दिन मानकर भूल जाना चाहिए।

# मकान निर्माण कार्य के दौरान राजमिस्त्री की गिरकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में एक राजमिस्त्री की जान चली गई। हादसे के बाद इलाके में शोक की



लहर दौड़ गई, वहीं मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार कुंदनपुर लाइनपार रामल. ीला ग्राउंड निवासी धर्म प्रकाश कश्यप राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार को वह रोज की तरह काम पर गए थे और रसूलपुर सुनवाती स्थित सैनी धर्म कांटा के पास बबलू नामक व्यक्ति के मकान में निर्माण कार्य कर रहे थे।बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य के दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक धर्म प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। साथी मजदूरों ने बिना समय गंवाए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को घटना की सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, जैसे ही हादसे की खबर परिवार को मिली, परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। धर्म प्रकाश को मृत अवस्था में देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया।मृतक धर्म प्रकाश अपने पीछे पत्नी और बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण इस तरह के हादसे अक्सर होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## डॉ. कुंअर बेचौन के नाम पर बनी सड़क का 24 अप्रैल को होगा लोकार्पण

**चन्दौसी।** संभल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव-2025 के अंतर्गत बहजोई रोड से लायंस स्कूल चन्दौसी तक निर्मित सड़क का लोकार्पण 24 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3:30 बजे किया जाएगा। करीब 01 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से विनियम क्षेत्र के माध्यम से बनी इस सड़क का नामकरण जनपद प्रशासन एवं नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा प्रख्यात कवि डॉ. कुँअर बेचौन के नाम पर किया गया है। लोकार्पण समारोह का आयोजन डॉ. कुँअर बेचौन स्मृति न्यास, ऑस्ट्रेलिया के तत्वावधान में शक्तिनगर टी-प्वाइंट (बहजोई मार्ग) पर होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया होंगे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, उपजिलाधिकारी नीतू रानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। साथ ही साहित्य जगत की हस्तियां, स्थानीय साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. कुँअर बेचौन हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं से देश-विदेश में पहचान बनाई और चन्दौसी का नाम रोशन किया। उनकी प्रारंभिक से उच्च शिक्षा चन्दौसी में ही हुई तथा बाद में वे गाजियाबाद के एमएमएच कॉलेज में हिंदी विभागाध्यक्ष रहे। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनका नोएडा में निधन हो गया था। 29 अप्रैल 2026 को उनकी छठी पुण्यतिथि भी मनाई जाएगी।

# वाहनों में प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर बजाने पर हो सकती है जेल

### साइलेंसर मॉडिफाई करने वाले मैकेनिको पर भी अब कसा जाएगा शिकंजा

**कांठ (शाह टाइम्स)** वाहनों में प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर बजाने पर वाहन जब्त होने के साथ जेल भी हो सकती है। ज्यादा शोर करने वाली गाड़ियों को ध्वनि मानकों के भीतर लाने के लिए यातायात निद. ेशालय ने अदालत के आदेश के अनुपालन में मॉडीफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर के खिलाफ मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसमें देश में निर्मित वाहनों के अलावा विदेशी वाहनों को भी भारतीय नियमों के अनुरूप मानकीकृत करने का प्रावधान किया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ विदेशी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की मूल ध्वनि ही 80 डेसिबल से अधिक है। यह निर्धारित सीमा से ऊपर है। एसओ. ेपी में स्पष्ट किया गया है कि मॉडीफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर का बढ़ता चलन अपराध है। पुलिस, यातायात, परिवहन और एसजीएसटी विभाग के अधिकारियों को ऐसे उपकरणों की बिक्री व फिटिंग करने वाले दुकानदारों, गैराज व वर्कशॉप का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उल्लंघन करने बालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। इसके अलावा फील्ड में तैनात अधिकारियों को संदिग्ध वाहनों की सघन जांच, अवैध हॉर्न और हूटर जब्त करने तथा आवश्यकता पड़ने पर वाहन का पंजीकरण निलंबित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।कानूनी प्रावधानों के अनुसार, पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर तीन माह तक का कारावास या 10 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बार-बार उल्लंघन करने पर यह सजा छह माह तक बढ़ सकती है। अनावश्यक हॉर्न बजाने पर पहली बार एक हजार रुपये और पुनरावृत्ति पर दो हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित है। अस्पतालों, स्कूलों के आसपास साइलेंस जोन एसओपी में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत अस्पतालों, न्यायालयों और स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों को साइलेंस जोन घोषित करने की प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों में निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि वाले हॉर्न बजाने या अनावश्यक हॉर्न के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यस्त चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी अनावश्यक हॉर्न बजाने वालों पर भी कार्रवाई होगी

## बिलारी समाचार

### संगठित क्षेत्र के मजदूरों का शोषण एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी।** नगर के असंगठित क्षेत्र में संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत मजदूरों और लेबर के शोषण का मामला सामने



आया है। आरोप है कि श्रमिकों को उनके कार्य के अनुरूप मजदूरी नहीं दी जा रही है और साप्ताहिक बंदी (बुधवार) के दिन भी प्रतिष्ठान खोलकर उनसे काम लिया जा रहा है। नियमों के अनुसार एक माह में चार साप्ताहिक अवकाश का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर मजदूरों को यह सुविधा भी नहीं मिल रही है। इस संबंध में नागरिक मंच के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना ने उप जिलाधिकारी बिलारी को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई। ज्ञापन में श्रमिकों के अधिकारों का उल्लंघन रोकने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। उप जिलाधिकारी ने मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम हम्जापुर निवासी आकाश कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह अपने घर से बिलारी की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह नारायण बैंक्विट हॉल के सामने पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल आकाश कुमार को तत्काल बिलारी के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरों ने उनकी स्थिति फिलहाल ठीक-ठाक बताई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

### द ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया हुनर



**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** महानगर मुरादाबाद स्थित द ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में आज पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को घर में बेकार पड़े सामान से उपयोगी एवं सृजनात्मक वस्तुएं बनाकर लानी थीं। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया।

किसी ने पुरानी बोतलों से फूलदान बनाए, तो किसी ने अखबार और गत्ते से आकर्षक सजावटी सामान तैयार किया। बच्चों की रचनात्मकता देखकर सभी अभिभावक और शिक्षक बेहद प्रभावित हुए। इस प्रतियोगिता में पप्पू पत्रकार की बेटी सृष्टि ने भी हिस्सा लिया और अपनी कलाकृति प्रस्तुत की। सृष्टि के प्रयास की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रिंसिपल और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूरी लगन और मेहनत से कार्य किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, रीसाइक्लिंग और पृथ्वी को स्वच्छ रखने का महत्व भी समझाया गया।

### इस माह का राशन वितरण 24 से 8 मई के बीच कराने के निर्देश

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अप्रैल माह का खाद्यान्न वितरण 24 अप्रैल से 8 मई के बीच कराए जाने के निर्देश शासन ने दिए है। उत्तर



प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश सचिव विजेंद्र चौधरी ने बताया कि 23 अप्रैल तक डोर स्टेप डिलीवरी के तहत राशन डीलरो को खाद्यान्न उपलब्ध करा कर उनका सत्यापन कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। और जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर बिक्रेता की दुकान पर गेहूं तथा चावल के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को खाद्यान्न गेहूं 21 किलो और चावल 14 किलो दिया जाएगा। जबकि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट गेहूं 3 किलो और चावल 2 किलो के हिसाब से निशुल्क वितरण होगा।

### राजपाल प्रजापति के निधन पर दो मिनट का मौन मुकेश माहेश्वरी ने बताया अपूर्णीय क्षति

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शोक सभा आयोजित की गई।

जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने राजपाल सिंह प्रजापति के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया और कहा कि भाजपा को हुए इस नुकसान की भरपाई कभी नहीं हो सकती इसके बाद सभी कार्यकर्ता कार्यालय से उठकर उनके आवास पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# इम्पीरियल ग्रीन बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर आग से मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित इम्पीरियल ग्रीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर बुधवार को अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।सूचना प्राप्त होते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने बिना देर किए फायर टेंडर को मौके के लिए रवाना कर दिया। कुछ ही समय में पहुंची टीम ने स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और तेज कार्रवाई के चलते आग को फैलने से पहले ही काबू में कर लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय और अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पूरी स्थिति का निरीक्षण किया और आग बुझाने के कार्य में लगे कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि समय रहते उठाए गए कदमों के कारण न तो कोई जनहानि हुई और न ही कोई बड़ा नुकसान सामने आया।अधिकारियों के अनुसार, बिल्डिंग में तैनात गार्ड स्टाफ ने भी आग लगने के तुरंत बाद सतर्कता दिखाते हुए प्राथमिक स्तर पर प्रयास किए, जिससे आग को शुरुआती चरण में ही सीमित रखने में मदद मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी तरह से आग पर काबू पा लिया।





अग्निशमन विभाग ने बताया कि समय-समय पर चलाए जाने वाले अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता अभियानों का ही परिणाम है कि ऐसे संकट के समय स्टाफ सही तरीके से प्रतिक्रिया देता है। यही कारण रहा कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी फायर ब्रिगेड की तत्परता की सराहना की। उनका कहना था कि यदि समय पर कार्रवाई न होती, तो आग बड़े हादसे का रूप ले सकती थी।

# बदहवास बहन ने ले ली मां और भाई की जान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांठ।** मानसिक रूप से बीमार चल रही बहन ने आज दरांती से बार करके भाई और मां की जान ले ली सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना शाम करीब 6:00 बजे की है थाना क्षेत्र के गांव भैंसली जमालपुर निवासी अर्जुन और उसकी मां मुन्नी जंगल का काम निपटाकर घर आए थे बताया गया कि अर्जुन की बहन अनीता करीब एक माह से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी उसने कल भी बदहवास हालत में परिजनों पर हमला करने की कोशिश की लेकिन आज उसे मौका मिल गया और उसने मां मुन्नी और भाई अर्जुन पर जानलेवा हमला कर दिया अनीता ने बदहवास हालत में मां और भाई पर इतने बार किए कि उनकी मौके पर मौत हो गई। बाकी परिवार खेत पर काम करने गया हुआ था घटना की सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया बताया गया कि अर्जुन दो भाई





हैं और तीन बहन है अनीता दूसरे नंबर की है अर्जुन के पिता मदन की करीब 10 साल पहले मौत हो चुकी है ग्रामीणों का कहना था कि मतलबपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर मदन की मौत हुई थी और उसकी भी मानसिक हालत खराब थी। घटना की सूचना चौकीदार रघुवीर ने थाने में दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर जाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के आलाअधिक. ारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और दोनों शबों को अपने कब्जे में ले लिया मां और भाई की हत्या करने वाली अनीता को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया देर शाम हुई इस घटना से गांव में दहशत छा गई है समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर अपनी कार्यवाही कर रही थी।

# जायंट्स ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा द्वारा बुधवार को बी.एस हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ0 सुधा चौधरी के स्वागत भाषण से शुरू हुई जिसमें उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के लोगों में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की सहायता करना है। तत्पश्चात चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि रक्तदान करना एक महान कार्य है जिससे अनेक जीवन बचाएं जा सकते हैं। इस दौरान सुरभि अग्रवाल, सुमेघा अग्रवाल, लोकेश भारतीय, अमित शर्मा, विजय शर्मा, पूजा डूडेजा, अविनाश, सौरव अग्रवाल, सोनी बंसल व पल्लवी भारद्वाज ने रक्तदान किया। साथ ही रक्तदान करने के इच्छुक सभी नागरिकों का पंजीकरण करवाया गया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, कृष्ण अवतार गुप्ता, पदमा भार्गव, अनु रस्तोगी, सुभाष रूस्तगी, शुभा अग्रवाल, शुभा कागजी, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजलि, वंदना गुप्ता, प्राची, शिवानी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, पल्लवी भारद्वाज, सुमेघा, मीनू आहूजा आदि मौजूद रहे।

# एसपी ग्रामीण ने फ्लैग मार्च कर लिया कानून व्यवस्था का जायजा, शांति बनाए रखने की अपील

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में शांति व्यवस्था को लेकर एसपी ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनता में




सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

अधिकारियों ने यह भी चेता. वनी दी कि अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दिल्ली हाईवे पर युवकों की जानलेवा स्टंटबाजी वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में कानून- व्यवस्था को चुनौती देते हुए युवकों की खतरनाक स्टंटबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला मझोला थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के पास से गुजरने वाले नेशनल हाईवे का बताया जा रहा है, जहां कुछ युवक अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालते नजर आए।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार कार की छत पर दो युवक बैठे हुए हैं और बेखौफ होकर स्टंट कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान न तो उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता है और न ही सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की। पीछे चल रही एक अन्य कार में सवार युवकों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नेशनल हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर इस तरह के स्टंट न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि बेहद खतरनाक भी हैं।इस मामले में एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो के आधार पर संबंधित वाहन और युवकों की पहचान की जा रही



है।पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वह इस तरह की खतरनाक हरकतों से बचें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# पृथ्वी के संरक्षण करने के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ डीके अग्निहोत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर चन्दौसी के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी0के0 अग्निहोत्री ने बताया कि आज भारत समेत सम्पूर्ण विश्व 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मना रहा है, वर्ष 2026 में विश्व पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति-हमारा ग्रह' है। यह थीम विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने व जलवायु परिवर्तन से निपटने व जैव विविधता संकट को रोकने के लिए व्यक्तियों और समुदायों की सामूहिक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करती है। विश्व पृथ्वी दिवस, हमें पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की गंभीरता से याद दिलाने वाला अवसर है। नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, कम कचरा फेंकना, व्यक्तियो,



संगठनो व सरकारों के सहयोग व प्रयासों को प्रेरित कर सफल करना है, ताकि हमारी आने वाली पीढिघ्यों का भविष्य बेहतर व स्वस्थ कल बन सके और यह पृथ्वी व आने वाली पीढिघ्यों के लिए बेहतर हो सके। इस प्रकार पृथ्वी दिवस, शांति स्थापना का आधार माना जा सकता है, जिसमें लोगों के साथ उन मुद्दों के बारे में ज्ञान साझा करना है, जो आज पर्यावरण को चुनौती देते हैं, जैसे कि जलवायु परिवर्तन, वृक्षो की कटाई, प्रदूषण, जैव विविधता की हानि व प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलित उपयोग आदि महत्वपूर्ण है। पृथ्वी दिवस इस बात पर प्रकाश डालता है, कि हमारी पृथ्वी ग्रह व मानव भविष्य का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है, जिसके लिए तत्काल व सक्रिय देखभाल की आवश्यकता है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आतंक के खात्मे का संकल्प

22 अप्रैल 2025 सामान्य दिनों के जैसे वो भी सुबह रही। हर दिन जैसे कश्मीर आज भी उसी खूबसूरती के साथ पर्यटकों का स्वागत कर रहा था। हालांकि किसी को नहीं पता था कि इस दिन को किसी की नजर लग जाएगी और अचानक से सब बदल जाएगा। आज बुधवार को देशभर में पहलगाम हमले की बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद को करारा जवाब देने का संकल्प लिया गया। कश्मीर के पहलगाम में स्थित बैसरन (कश्मीर का स्विटजरलैंड) अपने यहां आए आगंतुकों का बांह फैला कर स्वागत कर रहा था। दोपहर के समय कुछ ऐसा हुआ कि देश का हर नागरिक हिल गया। विश्व के सभी देश सन्न रह गए। अचानक दोपहर में कुछ आतंकी आए और निर्दोष लोगों को मार गिराया। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मार दिया, जिसकी दुनियाभर में निन्दा की गई और इसके लिए पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया गया। गीता, कुरान, बाइबल और ग्रन्थ साहिब में कहीं भी किसी भी नागरिक को मारने या प्रताड़ित करने की बात नहीं की गई। अगर आतंकी कुरान पढ़ने वाले थे, तो उनका दिल कैसे कठोर हो गया। जबकि आतंकी किसी धर्म के नहीं होते, वे अपने आपको जिहादी भले कहें, लेकिन दुनिया में उनकी इज्जत नहीं है। अब जबकि दुनिया 21 वीं सदी की ओर जा रही है और सबकुछ हाईटेक होता जा रहा है, तो ऐसे मौकों पर आतंक को खत्म करने का संकल्प लेना होगा। क्योंकि यदि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होती है, तो 21वीं सदी की ओर जा रही दुनिया के विकास में रुकावट आ सकती है। पहलगाम में आतंकियों ने कथित तौर पर पर्यटकों से उनका धर्म पूछा, उनसे कलमा पढ़ने को कहा। जब वह ऐसा नहीं कर सके, तो आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली। इस कायराना हरकत के बाद देश के हर नागरिक का खून उबल रहा था। पहलगाम हमले के बाद दुनिया भर के देशों ने इस कायराना हरकत की निंदा की। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों ने एक सुर में आवाज उठाई। विश्व के कई देशों के नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई में साथ रहने का आश्वासन दिया। हालांकि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की ओर से इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि इस हमले के बाद पीएम मोदी ने कई जनसभाओं में कहा था कि जिन्होंने यह घोर पाप किया है, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसके बाद सेना अधिकारियों के साथ गोपनीय बैठक कर पीएम मोदी ने पाक के अंदर घुसकर कार्रवाई का आदेश दिया, जिसके बाद सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाक में बैठे कई आतंकियों को जमींदोज कर दिया और घर मिट्टी में मिला दिए। इसके बाद अपनों को खोने वालों के आंसू पोंछे गए।

## सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया



महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता देश की महिलाओं को संसद तथा विधानसभाओं में संसद से पारित आरक्षण कानून को लागू करने की मांग को लेकर अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री मोदी को भेजेंगी, भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने तथा उनके साथ न्याय करने की नहीं रही है, यदि पार्टी सच में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है, तो उसे 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए, महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के जरिये प्रधानमंत्री और उनके नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन



निर्मल रानी



मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी कतारों के साथ ही हजारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुए प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहां के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी श्चुनावी मोड श् में हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफा जरूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में, चुनाव को प्रभावित करने, विपक्ष को बदनाम करने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरुपयोग करने वाला हो परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मजबूत जो कर ली है?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिए लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिए तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिए उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यतः 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूंकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिए यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी जरूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने श्राष्ट्र के नाम संबोधनश किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन, संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चौनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे श्गोदी मीडिया श के अधिकांश निजी चौनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार सं. हता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फजीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज़्यादा इस तथाकथित श्राष्ट्र संबोधन श से हो गई। 18 अप्रैल को श्राष्ट्र के नाम सम्बोधनश के नाम पर दिए गए इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे खूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गई और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टीवी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौका था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आला. ेचना करने के लिए श्राष्ट्र को संबोधितश करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया हो। इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिस तरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गए। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुनः पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ए दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साजिश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लाएं और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लफ्फाजी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं।

महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज़्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90 प्रतिशत है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30 प्रतिशत इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिठ्ठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहां तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति,आचार संहिता का उल्लंघन ,जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ईरानी मीडिया में पाकिस्तान की किरकिरी

**एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाक 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है।**



रोहिताश सिंह वर्मा

एक ओर ईरान के वार्ता से इन्कार करने पर अमे. रिका ने सीजफायर का दायरा बढ़ा दिया है, तो दूसरी तरफ ईरानी मीडिया ने पाकिस्तान पर सवाल उठा दिए है। ईरान का कहना है कि पाकिस्तानी नेता आसिम मुनीर खुद अमेरिका और चीन के मोहरे हैं, इसलिए पहली दौर की वार्ता में पाकिस्तान ने प्रस्तावों का जवाब नहीं आने दिया। अमेरिकी मीडिया के खुलासे के बाद पाकिस्तान कि फिर से किरकिरी हो गई हैं।

रिपोर्टों के अनुसार ईरानी मीडिया ने अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान की भूमिका और उसकी तटस्थता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने पाकिस्तान की तटस्थ ब्रो. कर के रूप में भूमिका पर तीखी टिप्पणी की है। ईरान ने संकेत दिया है कि पाकिस्तान के माध्यम से की जा रही बातचीत के दौरान उन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे ईरान स्वीकार नहीं कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह चिंता भी जताई है कि क्या पाकिस्तान वास्तव में निष्पक्ष है या वह चीन के एजेंडे का पालन कर रहा है। रिपोट्र्स के मुताबिक ईरान ने पाकिस्तान द्वारा आयोजित की जाने वाली बातचीत के अगले दौर में देरी की है या उसमें शामिल होने से संकोच किया है। हालांकि इन सवालों के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने स्पष्ट किया है कि वे पाकिस्तान की को. शिशों के लिए आभारी हैं और उन्होंने बातचीत में शामिल होने से इन्कार नहीं किया है, लेकिन वे उन शर्तों पर बात करना चाहते हैं, जो उन्हें स्वीकार्य हों। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचआर मैकमास्टर ने ईरान से जुड़ी कूटनीतिक को. शिशों में पाकिस्तान की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने पाकिस्तान को चीन का क्लाइंट बताते हुए उसकी मध्यस्थता पर संदेह जताया। एक विशेष इंटरव्यू में मैकमास्टर ने कहा कि पाकिस्तान को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का करीबी सहयोगी माना जाना चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे में ईरान-अमेरिका वार्ता में उसकी भूमिका को निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस्लामाबाद में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर को रद्द कर दिया। मैकमास्टर ने चीन की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि बीजिंग की दिलचस्पी ईरान में मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखने में है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ईरान में इस्लामिक रिपब्लिक को सत्ता में बनाए रखने के लिए बेताब है। उनके अनुसार चीन का यह रुख क्षेत्रीय शक्ति संतुलन और अपने आर्थिक हितों से जुड़ा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता की पेशकश पूरी तरह निष्पक्ष नहीं हो सकती। इन वार्ताओं में मध्यस्थ बनने की पेशकश के पीछे कोई न कोई छिपा हुआ उद्देश्य हो सकता है। मैकमास्टर ने पाकिस्तान की सुरक्षा नीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने अपने अनुभव को निराशाजनक बताया। उनके अनुसार पाकिस्तान अक्सर दोहरी नीति अपनाता है। एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाकिस्तान 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है। उनके मुताबिक इससे ईरान अपनी क्षेत्रीय गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम रहता है। मैकमास्टर ने निष्कर्ष में कहा कि इन सभी कारकों को देखते हुए पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका को चीन की व्यापक रणनीति से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जब पाल ने कांग्रेसी सांसदों से कहा, आप अपने नेता पर हंस रहे



यूपी के राजनेताओं की बात करें तो एक हैं जगदंबिका पाल! यूं तो यह बहुआयामी व्यक्तित्व के मुख्तार हैं लेकिन यदि हम इनके सिर्फ राजनीतिक कद काठी को नापें तो यह सूबे के और नेताओं से बिल्कुल अलहदा हैं। इनके व्यक्तित्व और व्यवहार की खास बात यह है कि ए चाहे विधानसभा में रहें हों या अभी संसद में, इसके भीतर ही इनमें पक्ष और विपक्ष का अंतर दिखता है। इसके बाहर इनका हंसी ठठाका,बात व्यवहार सभी के साथ वे चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के सब के साथ दोस्ताना ही होता है। निसंदेह यही वह कारण है जो इन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

मूलतः बस्ती जिले के निवासी जगदंबिका पाल का राजनीतिक सफर बहुत लंबा है। उनका राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रहा है। स्वर्गीय संजय गांधी के निकट रहे हैं। यूपी में सेवा दल से लगायत युवक कांग्रेस और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तक का इनका सफलतम कार्यकाल रहा है। यह विधानपरिषद में भी रहे और लंबे समय तक विधानसभा में भी रहे। मंत्री तो रहे ही,एक बार एक दिन के लिए मुख्यमंत्री का ताज भी इनके सिर पर रहा। इन्होंने स्वर्गीय कल्याण सिंह को अपदस्थ कर मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की थी। जगदंबिका पाल इस वक्त सिद्धार्थनगर जिले की इकलौती डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीन बार से सांसद हैं। इसके पहले 2009 में वे यहां से कांग्रेस के टिकट पर भी सांसद चुने गए थे। अचानक मन बदला तो ए भाजपा में आ गए। खांटी कांग्रेसी नेता रहे राजनीति के इस बड़ी शख्सियत का भाजपा में आना उनके समर्थकों को अचंभित करने वाला था लेकिन चूंकि यह राजनीति है और यहां पद और प्रतिष्ठा ही सर्वोपरि है इसलिए हैरानी जैसी बात भी नहीं थी। उनके संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज के लोग उन्हें मंत्री के रूप में देखने को अभी भी तरस रहे हैं।

जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्री पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर ए भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समाहित हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं,यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है। वे जब भी स्वीकार के आसान पर होते हैं, संसद का संचालन निर्विवाद और निर्विघ्न होता है।

**जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्री पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर यह भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समाहित हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं,यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है।**



यशोदा श्रीवास्तव

यानि कि इस कुर्सी पर बैठ कर भी वे अपनी खास छवि उकेरने में कामयाब होते हैं। तभी तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह उन्हें शाबा. शी बाशी देते हुए कहते हैं कि स्पीकर आपको ही होना चाहिए। संसद सत्र के दौरान जब हो हल्ला होता है, विपक्ष आपा खो बैठता है, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चीखते चिल्लाते भाषणों के बीच कांग्रेस सांसद मुस्कुरा रहे होते हैं तब स्पीकर की कुर्सी पर बैठे जगदंबिका पाल का कांग्रेसी सांसदों की ओर हाथ दिखा कर यह कहना कि आप अपने नेता पर हंस रहे हैं? सोचिए यह विपक्षी सांसदों पर कितना झन्नाटेदार तमाचा है। पाल के बड़ी शालीनता से इतना कहने भर से खिसियाए कांग्रेसी सांसदों का चेहरा देखने लायक होता है। दरअसल जगदंबिका पाल के राजनीतिक व्यक्तित्व को देखें तो ऐसे एक नहीं अनेकों उदाहरण मिलेंगे जो उन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु: राजनाथ

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया।

### गुटेरेस ने युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को अमेरिका द्वारा युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया और इसे 'अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और कूटनीति तथा भरोसा बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम' बताया। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानक. ारी दी है। दुजारिक ने एक बयान में कहा कि हम सभी पक्षों को इस प्रक्रिया को बनाए रखने, ऐसे कामों से बचने का आग्रह करते हैं जो युद्धविराम को कमजोर कर सकते हैं। हम बातचीत में सुधारवादी तरीके से शामिल होने का आग्रह करते हैं।

### नेपाल: निष्पक्ष जांच के लिए गृह मंत्री सुधन गुरंग ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरंग ने बुधवार को निवेश से जुड़े विषयों को लेकर उपजे विवादों के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह विवाद पिछले कुछ समय से छाया हुआ था। गुरंग ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि पद पर बने रहने से जांच प्रक्रिया प्रभावित हो। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मुझसे संबंधित विषयों पर निष्पक्ष जांच हो और पद पर रहते हुए 'हितों का टकराव' न दिखे, इसी उद्देश्य से मैंने आज से ही प्रभावी होने वाला अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

### ब्रिटेन: 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने 'टोबैको एंड वेप्स बिल' पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स ष्ष्की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्काटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा।

# युद्धक्षेत्र में अमेरिका को चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करेंगे: आईआरजीसी

### कहा: अपने विरोधियों की अपेक्षाओं और आकलनों से परे जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं



**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि वह किसी भी संभावित युद्धक्षेत्र में अमे. रिका और इजरायल सहित अपने विरोधियों की 'अपेक्षाओं और आकलनों से परे' जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्थापना दिवस के अवसर पर जारी बयान में आईआरजीसी ने अपनी विभिन्न शाखाओं और बसीज स्वयंसेवी बल के साथ मिलकर कहा कि वह उन्नत क्षमताओं और नई रणनीतिक विकल्पों के जरिए 'अप्रत्याशित घटनाक्रम' उत्पन्न करने में सक्षम है। बयान में कहा गया कि हम युद्धप्रिय और विश्वासघाती दुश्मन की समझ और गणना से कहीं आगे जाकर उपलब्धियां हासिल करने और चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करने के लिए तैयार हैं। आईआरजीसी ने कहा कि वह उच्चतम स्तर की परिचालन तैयारियों में है और किसी भी खतरे या नए आक्रमण का तेज और निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव का नया दौर शुरू होता है, तो वह क्षेत्र में दुश्मन की शेष सैन्य संपत्तियों पर 'कल्पना से परे करारा प्रहार' करेगा। बयान में 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए कथित युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत जवाबी कार्रवाई में सैकड़ों बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया। आईआरजीसी ने दावा किया कि हालिया घटनाक्रम विरोधी शक्तियों की सैन्य प्रतिष्ठा में गिरावट को दर्शाते हैं और पश्चिम एशिया में एक नए क्षेत्रीय संतुलन की ओर संकेत करते हैं, जो बाहरी हस्तक्षेप के बिना स्थिरता और सुरक्षा स्थापित करेगा।

## जर्मनी होर्मुज स्ट्रेट में तीन जहाज तैनात करने की बना रहा योजना

**बर्लिन।** जर्मनी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को सुरक्षित करने के वास्ते अंतर्राष्ट्रीय मिशन में भाग लेने के लिए तीन जहाज तैनात करने की योजना बना रहा है। 'डेर स्पीगल' मैगजीन ने जर्मन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्यों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मैगजीन ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की अध्यक्षता में परिषद की बैठक हुई, जिसमें पश्चिम एशिया की स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिषद इस मिशन में भाग लेने के लिए दो माइनस्वीपर (बारूदी सुरंग हटाने वाले जहाज) और एक आपूर्ति जहाज तैनात करने की इजाजत दे सकती हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि जर्मनी ने 'एस्पाइड्स' मिशन के हिस्से के रूप में वर्तमान में जिबूती में तैनात एक छोटे टोही विमान को भी तैनात करने का प्रस्ताव दिया है।




जम्मू। पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रार्थना व श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

## फ्रांस इजरायल के साथ बातचीत में लेबनान की मदद करेगा: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस लेबनान को इजरायल के साथ बातचीत की तैयारियां करने में मदद करेगा। मैक्रों मंगलवार को लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम लेबनानी सरकार को इन वार्ताओं की तैयारी करने और पूर्ण संप्रभुता बहाल करने के लिए आवश्यक योजना बनाने में, जहां तक संभव हो सकेगा, सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रांस आने वाले दिनों में लेबनान को लगभग 10 टन सहायता सामग्री भी भेजेगा, जिससे फ्रांस की ओर से द्वारा दान की गई कुल मानवीय सहायता की मात्रा बढ़कर 70 टन हो जाएगी।

# ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत

### पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा, ट्रम्प-हेगसेथ के दावों पर उठे सवाल

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की खुफिया शाखा की एक नई रिपोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की सैन्य क्षमता अभी भी मुख्य रूप से मजबूत बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नेतृत्व के हालिया बयानों पर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले दावा किया था कि हालिया संघर्षों के बाद ईरान की सेना को भारी नुकसान हुआ है और उसकी ताकत काफी कमजोर हो चुकी है। लेकिन पेंटागन की खुफिया रिपोर्ट इन दावों से पूरी तरह असहमत नजर आ रही है। बीते दिनों दोनों देशों के बीच इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की लंबी बातचीत के बाद एक दीर्घकालिक समझौते को सुरक्षित करने का पिछला प्रयास बिना किसी सफलता के समाप्त हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की सैन्य शक्ति अभी भी पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली स्थिति बनाए हुए है। उसके सैन्य ढांचे को पूरी तरह कमजोर नहीं किया जा सका है। वहींइजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने ईरान के खिलाफ इजरायल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजरायली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं। उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई, हालांकि इजरायल की आधिकारिक स्मारक वेबसाइटों पर उपलब्ध बताई जाती है। मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजरायल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजरायल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने आगे कहा, मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान इजरायल की सफलता में योगदान दिया। इटली की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस नाव पर हादसा हुआ, उस पर खुफिया एजेंटों की एक कार्य बैठक चल रही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नाव पर सवार 23 लोगों में से 19 मौजूदा या पूर्व इजरायली और इतालवी खुफिया एजेंट थे। इटली की सुरक्षा सेवा ने बताया था कि हादसे में मारे गए दो अन्य लोग 62 वर्षीय एक पुरुष और 53 वर्षीय एक महिला उसके कर्मचारी थे। मेम का शव बाद में इजरायल लाया गया, जहां अश्केलोन सैन्य कब्रिस्तान में पूरे सम्मान के साथ दफनाया गया। उनके अंतिम संस्कार में मोसाद के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें डेविड बार्निया भी शामिल थे, मौजूद रहे।



■ ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान मारा गया मोसाद एजेंट मिस्ट मेम

## होर्मुज में सुरक्षित नौवहन के लिए 30 देशों के प्रतिनिधियों की बैठक

■ बैठक का उद्देश्य होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस बुधवार को लंदन में 30 से अधिक देशों के सैन्य योजनाकारों की मेजबानी करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नॉर्थवुड स्थित 'परमानेंट जॉइंट हेडक्वार्टर' में होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों की सैन्य क्षमताओं, कमान संरचना और क्षेत्र में सेनाओं की तैनाती पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि एक स्थाई युद्धविराम समझौता होने और स्थितियां अनुकूल होते ही इन सैन्य योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। यह बातचीत इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए लंदन और पेरिस के नेतृत्व में बनाए जा रहे एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन की दिशा में नया कदम है। ब्रिटेन के रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि आज और कल का कार्य राजनयिक सहमति को एक संयुक्त सैन्य योजना में बदलना है ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। हीली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता नौवहन की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है।

# थाईलैंड में भारतीय टूरिस्ट पर नस्लभेदी कमेंट

■ रेस्टोरेंट स्टाफ बोली: इंडिया वेरी बैड, पुलिस बुलाने पर मैनेजर ने माफी मांगी

**बैंकाक।** थाईलैंड के आओ नांग शहर में एक भारतीय टूरिस्ट और ट्रैवल व्लागर सूमो को नस्लभेदी कमेंट का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक रेस्टोरेंट की महिला स्टाफ उनसे 'इंडिया वेरी बैड' कहते नजर आ रही है। व्लागर के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब वह नाश्ता करने गए थे। बिल में हल्की गड़बड़ी हुई, जिसके बाद अनुवाद के लिए महिला को बुलाया गया। जैसे ही उन्होंने अपनी राष्ट्रीयता भारत बताई, माहौल बदल गया और उन पर आरोप लगाए गए कि भारतीय पैसे नहीं देना चाहते।

इसके बाद भारतीय टूरिस्ट ने पुलिस बुलाई। पुलिस के आने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर ने माफी मांगी। ट्रैवल व्लागर सूमो ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उसमें महिला स्टाफ उससे बदतमीजी करती नजर आ रही है। व्लागर सूमो ने बताया कि विवाद पैसे को लेकर नहीं था, क्योंकि रकम सिर्फ 120 थाई बात यानी करीब 349 रुपये थी। व्लागर ने वीडियो में कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें थाईलैंड में ऐसे व्यवहार का सामना करना पड़ा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद व्लागर ने संदर्भ देने के लिए एक और वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कई लोग मान लेते हैं कि ऐसी स्थिति में गलती टूरिस्ट की ही होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। व्लागर ने बताया कि उन्हें बहस करने के बजाय टूरिस्ट पुलिस को बुलाना बेहतर लगा। पुलिस ने उनकी बात समझी और रेस्टोरेंट के मैनेजर ने उनसे माफी मांगी। इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय को लेकर एक जैसी सोच बनाना गलत है। भारत में भी लोगों के मन में कुछ गलत धारणाएं होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसी सोच सही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने व्लागर का समर्थन किया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं कुछ यूजर्स ने सवाल उठाए कि इसके पीछे पूरी कहानी क्या है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्लागर ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात से हुई कि कुछ भारतीय ही कमेंट में अपने लोगों के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी नस्लभेद दिखे, उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# ईरान को प्रतिदिन 50 करोड़ डॉलर का नुकसान: ट्रम्प

### अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: इसलिए ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट को बंद करना नहीं चाहता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना नहीं चाहता, क्योंकि इसके बंद होने से उन्हें प्रतिदिन 50 करोड़ अमे. रिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे (ईरान) इसे खुला रखना चाहते हैं ताकि वे प्रतिदिन 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर कमा सकें। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान कह रहा है कि वे इसे बंद करना चाहते हैं, क्योंकि वे 'अपनी प्रतिष्ठा बचाना' चाहते हैं, जबकि अमेरिका ने इसकी पूरी तरह से घेराबंदी कर रखी है। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान इस जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना चाहता है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि लेकिन अगर हम ऐसा करते हैं, तो ईरान के साथ कभी कोई समझौता नहीं हो सकता, जब तक कि हम उनका बाकी देश और उनके नेताओं को भी उड़ा न कर दें। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं और अमेरिकी संचार माध्यमों, विशेष रूप से वॉल स्ट्रीट जर्नल और न्यूयॉर्क टाइम्स पर अपना हमला जारी रखते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' को 'नीचा दिखाने' या उसकी आलोचना करने की अनुमति कभी नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने परमाणु स्थलों को इस सीमा तक पूरी तरह से नष्ट कर दिया है कि 'रक्तपिपासु ईरान' उन तक पहुंचने या उन्हें खोदकर निकालने में असमर्थ रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल के पास पिछले जून में हमला किए गए तीनों स्थलों के हर इंच पर कैमरों की निगरानी है। 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' 22 जून, 2025 को ईरान के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों के विरुद्ध किए गए अमे. रिकी सैन्य हमलों का गुप्त नाम है। इन हमलों का मुख्य केंद्र तीन प्राथमिक परमाणु बुनियादी ढांचा स्थल फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र, नतंज परमाणु केंद्र और इस्फहान परमाणु प्रौद्योगिकी केंद्र थे। इस अभियान में अमेरिकी वायु और नौसेना शक्ति का विशाल प्रदर्शन देखा गया, जिसमें 7 बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक शामिल थे, जिन्होंने सीधे अमे. रिका से 18 घंटे का मिशन संचालित किया। इसमें पहली बार युद्ध में उपयोग किए गए 30,000 पाउंड के 'बंकर बस्टर' बम, एक अमेरिकी पनडुब्बी से दागी गई 30 टॉमहॉक मिसाइलें और ईरानी हवाई सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए एफ-35 और एफ-22 स्टील्थ लड़ाकू विमानों सहित 125 से अधिक विमान शामिल थे।



■ कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान हॉर्मुज को तुरंत खोलना चाहता है: ट्रम्प

## जर्मनी को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में सहयोग के लिए किया आमंत्रित

■ राजनाथ ने रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और जर्मनी के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया है। जर्मनी की तीन दिन की यात्रा पर गए सिंह ने कहा कि उनकी सरकार का 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान सह-निर्माण, सह-विकास और सह-नवाचार का निमंत्रण है। म्यूनिख होकर बर्लिन पहुंचे रक्षा मंत्री ने मंगलवार को जर्मनी के सांसदों को संबोधित करते हुए दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने की पुरजोर वकालत की। यात्रा के पहले दिन उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जर्मनी की संसद की स्थाई समिति को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है और तकनीकी परिवर्तन ने स्थिति को अत्यधिक जटिल बना दिया है।

## ट्रम्प ने की फांसी की सजा का सामना कर रही आठ ईरानी महिलाओं की रिहाई की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक 'शानदार शुरुआत' होगी। ट्रम्प की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# नेपाल में पीएम बालेन शाह के खिलाफ प्रदर्शन तेज

■ टैक्स बढ़ाने और छात्र संघ पर बैन से नाराजगी, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतरे

**काठमांडू।** नेपाल में नई सरकार बनने के कुछ ही हफ्तों के भीतर उसके खिलाफ विरोध तेज हो गया है। काठमांडू समेत कई शहरों में छात्र, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

सरकार के कुछ फैसलों और विवादों ने मिलकर इस असंतोष को बढ़ा दिया है। सबसे बड़ा मुद्दा भारत से आने वाले सामान पर कस्टम डयूटी का है। सरकार ने 100 रुपये से ज्यादा कीमत वाले सामान पर अनिवार्य शुल्क लगा दिया है। सीमावर्ती इलाकों के लोगों का कहना है कि इससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होंगी, क्योंकि वे लंबे समय से सीमा पार खरीदारी पर निर्भर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह फैसला आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। दूसरा बड़ा विवाद छात्र संगठनों को लेकर है। सरकार के सख्त रुख से छात्रों में नाराजगी बढ़ गई है। छात्र नेताओं का कहना है कि सरकार बातचीत करने के बजाय दबाव और रोक लगाने की नीति अपना रही है। देशभर में हजारों छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगह छात्र स्कूल यूनिफार्म में सड़कों पर उतरे, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि आंदोलन तेजी से फैल रहा है। इसके अलावा गृह मंत्री सुदन गुरंग पर लगे आरोपों ने भी सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

## जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट रद्द की

**म्यूनिख।** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शार्ट-हाल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी। कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है। जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है। लुफ्थांसा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव करके गर्मियों का फ्लाइट शेडयूल स्थिर रखेगी। कंपनी अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में पूरी योजना जारी करेगी। कंपनी ने अपने नेटवर्क में बड़े बदलाव किए हैं। फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख से घाटे वाले रूट बंद किए जा रहे हैं, जबकि ज्यूरिख, ब्रसेल्स और वियना से उड़ानें बढ़ाई जाएंगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108